संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 209
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 01 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

# प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



## चिंता मत करिए, सरकार दिलाएगी न्याय

### जनता दर्शन में सख्त दिखे योगी, अफसरों को दिए कड़े निर्देश



लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया जिसमें विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के प्रति आश्वस्त किया। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और समस्याधशिकायत लेकर आए लोगों से कहा कि चिंता मत करिए, सरकार हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्रतिबद्धता से कराएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए तुरंत और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएगी। मुख्यमंत्री ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। बुधवार को भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार विवेकाधीन कोष से धन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर होते हैं तो प्रातरूकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाना, आशीर्वाद लेना उनकी दिनचर्या में शामिल होता है। पर, इस बुधवार उनके लिए गुरु की विशेष पूजा का अवसर था। बुधवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 12वीं पुण्यतिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर प्रवास के दौरान पारंपरिक दिनचर्या के अनुसार मुख्यमंत्री गोसेवा करने गोशाला में भी पहुंचे। यहां उन्होंने गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। गोशाला में मुख्यमंत्री के साथ देश के अलग–अलग हिस्सों से आए संतजन भी उपस्थित रहे।

### चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्षी दल एकजुट

## दो अक्टूबर से देशभर में चलायेंगे 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान





नयी दिल्ली,एजेंसी। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाते हुए देश भर में दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक श्लोकतंत्र बचाओश अभियान चलाने की घोषणा की है। गठबंधन की बुधवार को यहां करीब ढाई घंटे चली बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में चुनाव आयोग और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर मिलकर लड़ाई लड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई गयी। बैठक में बीस दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। श्री खरगे ने कहा कि गठबंधन के घटक दल दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक देश के प्रत्येक जिले में लोकतंत्र बचाओ अभियान चलायेंगे तथा जिलाधिकारियों के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया जायेगा। छह अक्टूबर को सभी विपक्षी दलों के सांसद चुनाव आयोग तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर श्वोट चोरीश से जुड़े मुद्दों तथा सरकार के क्रियाकलापों पर अपनी चिंता से उन्हें अवगत करायेगा। इस अभियान में जनता, युवाओं, तथा लोकतंत्र और एकता के लिए प्रतिबद्ध अन्य संगठनों को भी शामिल किया जायेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि विपक्ष देश भर में पांच बड़ी रैलियां भी आयोजित करेगा, जिनकी तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी। पहली बड़ी रैली नवंबर में दिल्ली में होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के संरक्षण में चुनावों में वोट चोरी हो रही है।

## सुरक्षा बलों ने बडगाम में मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया

श्रीनगर,एजेंसी। जम्मू–कश्मीर में बडगाम जिले के यूसमर्ग के ऊपरी इलाकों में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के एक संदिग्ध आतंकवादी को मार गिराया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ मंगलवार देर रात तब शुरू हुयी जब सुरक्षा बलों ने खास खुफिया जानकारी के आधार पर यूसमर्ग के कोराग इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि भारतीय सेना, जम्मू–कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने यूसमर्ग के कोराग इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। सेना की श्रीनगर में चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्चौकस सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और चुनौती दिये जाने पर आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद दोनों तरफ से जमकर गोलीबारी हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। अभियान जारी है।ष हालांकि सेना और पुलिस ने अभी तक मारे गए आतंकवादी की पहचान नहीं बताई है, लेकिन सुरक्षा सूत्रों को शक है कि वह एलईटी से जुड़ा एक पाकिस्तानी आतंकवादी था। इस महीने बडगाम के जंगलों में यह दूसरी मुठभेड़ है। गत चार सितंबर को एलईटी से जुड़ा और पाकिस्तानी नागरिक यासिर कथित तौर पर कई सालों से जम्मू–कश्मीर में सक्रिय था, बडगाम के ऊंचाई वाले अशदर गली इलाके में एक मुठभेड़ में मारा गया था। सुरक्षा बलों को शक था कि उस मुठभेड़ के दौरान एक और आतंकवादी भागने में कामयाब रहा। इसके बाद सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादी का पता लगाने के लिए बडगाम के पहाड़ी और जंगली इलाकों में तलाशी तेज कर दी।

## सुप्रीम कोर्ट से बंगाल पुलिस को झटका, मिलन प्रधान की अंतरिम जमानत पर तुरंत सुनवाई से इनकार

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसके तहत कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव लड़ने के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत के सामने रखा गया, जिसमें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मांग की कि पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को लिस्टिंग की जाए। एसजी मेहता ने तुरंत लिस्टिंग की मांग करते हुए कहा कि चुनाव के बाद सुनवाई होने पर याचिका



बेअसर हो जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ने कहा, उन्हें चुनाव के लिए जमानत दी गई है। क्या मैं कल मौका ले सकता हूं? बस यही कह रहा हूं। हालांकि, सीजेआई ने गुरुवार को मामले को लिस्ट करने से इनकार कर दिया और कहा कि शीर्ष अदालत का बोर्ड पहले से ही बहुत लंबा है। सीजेआई ने कहा, हमारा बोर्ड बहुत लंबा है। हम निश्चित रूप से इसे खारिज कर देंगे, लेकिन हम इसे सोमवार को खारिज करेंगे, कल नहीं। जब एसजी मेहता ने फिर से अनुरोध किया कि मामले को गुरुवार को लिस्ट किया जाए, तो सीजेआई ने दोहराया, नहीं। सोमवार। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल–न्यायाधीश पीठ द्वारा नंदीग्राम उपचुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती दी है। मंगलवार को जस्टिस तीर्थंकर घोष ने प्रधान को 20 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी और विशेष रूप से कहा कि यह राहत उन्हें उपचुनाव लड़ने और अन्य उम्मीदवारों की तरह चुनाव प्रचार में स्वतंत्र रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए दी जा रही है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अंतरिम जमानत प्रधान के खिलाफ दर्ज सभी छह मामलों के संबंध में लागू होगी।

## पंजाब को 31 दिसंबर 2029 तक नशामुक्त करने का लक्ष्य : शाह



जालंधर,एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पंजाब में जालंधर के परागपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की श्नशामुक्त पंजाब यात्राश के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर नशीले पदार्थों के कारोबार को खत्म करने के लिए कठोर कार्रवाई की जायेगी। श्री शाह ने पंजाब को 31 दिसंबर 2029 तक नशामुक्त करने का लक्ष्य रखा और कहा कि राज्य में नशीले पदार्थों के कारोबार को खत्म करने के लिए भाजपा सरकार बनने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वालों को जेल भेजा जाएगा। श्री शाह ने कहा कि भाजपा की चार श्नशामुक्त पंजाब यात्राओंश ने 13 दिनों में राज्य के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करते हुए करीब 4,000 किलोमीटर की दूरी तय की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पंजाब को नशे से बचाने का संकल्प है। भाजपा ने 18 सितंबर को अलग–अलग स्थानों से ये यात्राएं शुरू की थीं, जिनका समापन बुधवार को जालंधर में हुआ। उन्होंने पंजाब की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के किसानों ने देश के खाद्यान्न भंडार भरने में योगदान दिया है और पंजाब के जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए बलिदान दिये हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की पहचान वीरता, खेल और मेहनत से रही है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखना जरूरी है। श्री शाह ने आम आदमी पार्टी सरकार पर नशीले पदार्थों के कारोबार को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब के आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा नशामुक्त राज्य के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से विभिन्न चुनावी वादों को लेकर भी सवाल किये और आरोप लगाया कि सरकार ने रोजगार, स्वास्थ्य, पेंशन, मेडिकल कॉलेज तथा किसानों से जुड़े कई वादे पूरे नहीं किये। उन्होंने राज्य में कथित भ्रष्टाचार के मामलों का भी उल्लेख किया और विज्ञापन खर्च तथा विभिन्न योजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। ये आरोप भाजपा की ओर से लगाये गये हैं, भाषण में इनके समर्थन में अलग–अलग मामलों के विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये।

## मोदी आज संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी समारोह को करेंगे संबोधित

नयी दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को यहां भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि यह कार्यक्रम पूरे वर्ष चले शताब्दी समारोह का समापन होगा, जो पिछले वर्ष एक अक्टूबर को शुरू हुआ था। दो दिन का यह समारोह 1926 में संघ लोक सेवा आयोग की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संघ लोक सेवा आयोग का शताब्दी स्मारक सिक्का, एक स्मारक डाक टिकट और श भारत में संघ लोक सेवा आयोग और लोक सेवा आयोगों की नीतियों को आकार देने वाले 100 महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णयश पुस्तक का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्ष और सदस्य, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद्, आयोग के अधिकारी और अन्य लोग शामिल होंगे। पहले दिन भारत मंडपम में शताब्दी समारोह मंथन आयोजित किया जाएगा।

## गुजरात के आणंद में भीषण सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत, पीएम मोदी ने जताया शोक

आणंद,एजेंसी। गुजरात के आणंद जिले में अहमदाबाद–वडोदरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक प्राइवेट बस और ट्रक की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक्स पोस्ट में पीएम मोदी के हवाले से लिखा गया, गुजरात के आणंद में हुए हादसे में लोगों की जान जाने से बहुत



दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। मैं सभी घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। घायल बस पैसेंजर गणेश जाधव ने कहा, हम लोग खाना खा कर बस में सो गए थे। तभी ये हादसा हुआ। सिविल अस्पताल नडियाड के सीएमओ डीआरपटेल ने कहा, ये सभी सूरत से नाथद्वारा जा रहे थे। तभी लग्जरी बस और ट्रक के बीच एक्सीडेंट हो गया। एक व्यक्ति की रास्ते में ही मौत हो गई थी। बता दें कि यह हादसा आणंद–नडियाद के बीच अहमदाबाद–वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर बोरियावी के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, सूरत से राजस्थान जा रही एक निजी बस ओवरटेकिंग लेन में हादसे का शिकार हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा तब हुआ जब प्राइवेट बस एक्सप्रेसवे पर ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी।

## नूंह में बोले राज बब्बर– मुझे किसी प्रत्याशी ने नहीं ईसी ने हराया, 176 सीटों पर पड़े वोट से ज्यादा गिने

नूंह,एजेंसी। हरियाणा के नूंह विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यकारिणी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में नूंह विधायक आफताब



अहमद, जिला अध्यक्ष शहीदा खान, महासचिव इब्राहिम इंजीनियर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर गुरुग्राम लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज बब्बर पहुंचे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज बब्बर ने देर से आने के लिए माफी मांगी और कहा कि मेवात के लोगों ने उन्हें कड़ी धूप में 61 प्रतिशत मतदान करके भरपूर प्यार दिया था, लेकिन उन्हें किसी प्रत्याशी ने नहीं बल्कि चुनाव आयोग ने हराया है। उन्होंने कहा कि उनका मुकाबला किसी उम्मीदवार से नहीं, सीधे चुनाव आयोग से था। राज बब्बर ने कहा कि वह इस बात के शुक्रगुजार हैं कि उनके नेता राहुल गांधी ने इस लड़ाई को मजबूती से उठाया है और देश के सामने चुनाव आयोग की सच्चाई को रखा है। उन्होंने एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश में 176 लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां जितना वोट पड़ा, उससे ज्यादा वोट गिना गया है और उन 176 सीटों में गुड़गांव लोकसभा भी शामिल है। गुड़गांव में मतगणना के दौरान दो घंटे तक सर्वर डाउन रहा और जितना वोट पड़ा था, उससे ज्यादा वोटों की गिनती दिखाई गई।

## बंगाल के पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन के घर 16 घंटे चली ईडी की रेड, 50–60 करोड़ के कथित घोटाले की जांच



कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और गायक इंद्रनील सेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। दुर्गा पूजा के दौरान कथित तौर पर फर्जी यूनेस्को पास बेचकर बड़ी रकम जुटाने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी ने मंगलवार को सेन के घर समेत कई ठिकानों पर तलाशी ली। यह कार्रवाई करीब 16 घंटे से अधिक समय तक चली। बुधवार को ईडी ने इंद्रनील सेन को पूछताछ के लिए अपने साल्ट लेक कार्यालय में पेश होने का समन भी भेजा है। ईडी ने 29 सितंबर को कोलकाता और आसपास के इलाकों में करीब 15 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इनमें दक्षिण कोलकाता स्थित सेन का कसबा आवास, सिंगूर का फार्महाउस, रिश्तेदारों और अन्य संबंधित लोगों के ठिकाने शामिल थे। कार्यक्रम आयोजक अरिजीत दासगुप्ता से जुड़े परिसरों पर भी जांच की गई। केंद्रीय बलों की सुरक्षा के बीच अधिकारियों ने दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड खंगाले। अभी तक ईडी की ओर से तलाशी के दौरान बरामद किसी खास नकदी, दस्तावेज या अन्य संपत्ति की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि छापेमारी में एजेंसी को वास्तव में क्या–क्या मिला। जांच का केंद्र मास आर्ट नाम की संस्था और दुर्गा पूजा के प्रीव्यू शो बताए जा रहे हैं। ईडी के मुताबिक, संस्था पर आरोप है कि उसने यूनेस्को से आधिकारिक संबंध होने का दावा करते हुए लोगों से रकम जुटाई। आरोप है कि यूनेस्को के नाम और लोगो का इस्तेमाल कर दुर्गा पूजा पंडालों के प्रीव्यू या 'पूजा परिक्रमा' के लिए महंगे पास बेचे गए। रिपोर्टों के अनुसार, इंद्रनील सेन की पत्नी मधुचंदा सेन का उें।तज से जुड़ाव जांच के दायरे में है। एजेंसी यह भी देख रही है कि संस्था के जरिए जुटाई गई रकम का इस्तेमाल कहां और किस उद्देश्य से किया गया। ईडी करीब 50 से 60 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितता की जांच कर रही है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पास और प्रीव्यू शो के जरिए कितनी रकम जुटाई गई तथा उस धन का इस्तेमाल किस तरह हुआ। मामले में जून 2026 में शिकायत दर्ज होने के बाद जांच आगे बढ़ी थी। इंद्रनील सेन ने आरोपों से इनकार किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, उन्होंने अपने और परिवार के खिलाफ किसी तरह की प्रताड़ना होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

संपादकीय

# सवाल पूछो तो थप्पड़, यही है भाजपा राज

भाजपा में सत्ता का अहंकार इस कदर बढ़ चुका है कि अब वो जनता को नागरिक नहीं अपनी प्रजा की तरह देखने लगी है, बल्कि प्रजा भी नहीं गुलाम मानने लगी है। गुलामों को अपने मालिकों, शासकों के रहमोकरम पर रहना पड़ता है। जो मिल जाए, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना पड़ता है। जो न मिले, उस पर सवाल करने का कोई हक उन्हें नहीं होता। भारत के लोकतंत्र को मोदी शासनकाल में राजशाही में इसी तरह तब्दील किया जा रहा है। इसलिए जब मोदी या भाजपा का कोई भी सत्ताधारी छोटी–मोटी परियोजना का भी शिलान्यास करे, तो उसे बड़ी सौगात कहा जाता है। लेकिन जब इन परियोजनाओं में खामी निकले और लोग सवाल करें तो जवाब की जगह उन्हें थप्पड़ मिलता है। राजशाही में तो फिर भी राजा प्रजा को कोई सौगात दे तो वह अपने राजकोष से ही खर्च करता है। लेकिन इस समय विडंबना यह है कि जनता से लिए टैक्स के पैसे से ही देश में सारे काम होते हैं, मगर जनता से यह हक छीन लिया गया है कि वह पलट कर इन पैसों का हिसाब मांग सके या कम से कम खराब काम होने की शिकायत ही कर पाए। दिल्ली में भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा ने घटिया सड़क निर्माण पर सवाल उठाने वाले एक व्यक्ति को थप्पड़ मारकर यही दिखाया है कि मोदी शासनकाल में भारत में लोकतंत्र नहीं राजशाही और काफी हद तक तानाशाही बनाई जा रही है। पाठक जानते हैं कि रविवार शाम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में आम आदमी पार्टी के विधायक जनरैल सिंह लोक निर्माण विभाग के मंत्री और उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा को उखड़ी हुई सड़क दिखा रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने कुछ बयान दिया, जिस पर प्रवेश वर्मा भड़क गए और उन्होंने उस युवक को थप्पड़ ही मार दिया। इस पर आम आदमी पार्टी, कांग्रेस समेत सोशल मीडिया पर बहुत से लोगों ने सवाल उठाए, तो जवाब में प्रवेश वर्मा ने कहा कि उस युवक ने उनके पिता व परिवार के बारे में कोई गलत टिप्पणी की, जिस पर वो आपा खो बैठे। कितनी आसानी से एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि ने नागरिक के साथ हिंसा करने वाले अपराध को न्यायोचित ठहरा दिया। हालांकि जिस तरह चुनाव चोरी करके भाजपा पर कई राज्यों में सरकार बनाने के आरोप लगे हैं, उसके बाद सवाल उठता है कि क्या प्रवेश वर्मा को निर्वाचित जनप्रतिनिधि कहना सही होगा। क्योंकि जिन्हें अपने पद की गंभीरता और जिम्मेदारी का बोध रहता है वे इस तरह गैरजिम्मेदाराना आचरण नहीं करते। लोकतंत्र में तो नेताओं के मन में हमेशा यह भाव रहता है कि जनता को शिकायत का मौका न दिया जाए, क्योंकि चुनाव में वोट मांगने जनता के पास ही जाना होगा। राजनीति में कई बार इस तथ्य को रेखांकित भी किया जाता है कि नेता चुनाव के वक्त तो जनता को माई–बाप बनाते हैं, लेकिन जीतते ही उनकी सुध लेना भूल जाते हैं। उन पर कुर्सी का अहंकार चढ़ जाता है। लेकिन भाजपा तो इस अहंकार से कहीं ज्यादा आगे निकल चुकी है। शायद चुनाव भी उसके लिए औपचारिकता या लोकतंत्र का दिखावा ही है, क्योंकि उसे इस बात का कोई डर नहीं है कि जनता अपने वोटों से कहीं उसके नेताओं को खारिज न कर दे। राहुल गांधी ने अपनी हालिया प्रेस कांफ्रेंस में यही तथ्य तो सबसे पहले उजागर किया था कि भाजपा को एंटी इनकमबेंसी का कोई डर नहीं है, क्योंकि चुनाव आयोग में बैठे लोगों के जरिए उसने पूरी व्यवस्था बना ली है कि जीत उसके खाते में ही जाए। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ही जब बार–बार कह चुके हैं कि अगले पचास सालों तक हमारी ही सत्ता रहने वाली है तो फिर भाजपा नेता क्यों जन भावनाओं और अपेक्षाओं की कद्र करेंगे। प्रवेश वर्मा जैसे नेताओं को पता है कि वे किसी को थप्पड़ मारें या अपशब्द कहें उनकी सत्ता पर आंच नहीं आने वाली है। कायदे से तो इस मामले में अदालत को स्वतरू संज्ञान लेकर प्रवेश वर्मा पर कार्रवाई का आदेश देना चाहिए था। लेकिन अब अदालत में शिखर पर बैठे लोग भी निराश कर रहे हैं। वे संविधान के संरक्षक होने के बावजूद भारत के लोगों का निरंतर अनादर और उनके हकों की लूट देख रहे हैं। मीडिया को भी इस लूट का हिस्सा बना लिया गया है। इसलिए अब खबरें चलाई जा रही हैं कि जिस व्यक्ति को प्रवेश वर्मा ने थप्पड़ मारा, उस पर पहले ही एफआईआर दर्ज हैं, वो आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता है आदि आदि। क्या खुद को पत्रकार कहने वाले लोग यह नहीं जानते कि अगर किसी पर पहले किसी मामले में एफआईआर दर्ज है भी तो उस पर कार्रवाई का अधिकार पुलिस और अदालत का है। कोई आरोपी है तो उसे सवाल पूछने से वंचित नहीं किया जा सकता। अगर वो सवाल पूछे और बदले में थप्पड़ खाए तो यह सरासर नाइंसाफी है।

# अमरीकी सामाजिक व्यवस्था प्रबंधन व शिकागो से नियाग्रा फॉल्स दर्शन

**डी.पी. चंदन**

*केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ*

अमरीका आने का अनुभव केवल एक देश की यात्रा का अनुभव नहीं है। यह अपने साथ अनेक प्रश्न लेकर आता है। यहां की सड़कें, इमारतें, शहर, लोगों का रहन–सहन, काम करने का तरीका और सामाजिक व्यवस्था, हर चीज अपने आप में कुछ कहती दिखाई देती है। लेकिन मेरे लिए इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष केवल अमरीका को देखना ही नहीं, बल्कि अमरीका को भारतीय की दृष्टि से समझने का प्रयास करना रहा। ऐतिहासिक आर्ट इंस्टीच्यूट आफ शिकागो पहुंचते ही स्वामी विवेकानंद जी का स्मरण हुआ, जहां 1893 में विश्व धर्म संसद के मंच से उन्होंने पूरी दुनिया को 'सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका' कहकर संबोधित किया था। उस संबोधन में केवल शब्द नहीं थे, बल्कि भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी मानवता को एक परिवार के रूप में देखते हुए सहिष्णुता और विभिन्न धार्मिक परंपराओं के सम्मान का भाव था। विस्कोन्सिन, इलीनॉयस, मिशिगन, ओहायो, पैन्सिल्वेनिया, न्यूयार्क, इंडियाना राज्यों, शिकागो, रैसीन, केनोशा होते हुए जब नियाग्रा फॉल्स की यात्रा की तो अमरीका को केवल एक राज्य या शहर के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यवस्था के रूप में देखने का अवसर मिला। लंबे रास्ते, व्यवस्थित सड़कें, ट्रैफिक का अत्यधिक अनुशासन, अलग–अलग स्थानों की अपनी विशेषता और सुव्यापक व्यवस्था से उनका जुड़ाव, ये बातें ध्यान आकघ्षत करती हैं। भारत तेजी से विकास कर रहा है। हमारे शहर बदल रहे हैं, सड़कें बन रही हैं, नई इमारतें खड़ी हो रही हैं और तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है। लेकिन भारत और अमरीका के अनुभव में एक अंतर कई जगह दिखाई देता है। अमरीका में किसी व्यवस्था के पीछे पहले से तय नियम, मानक और जिम्मेदारी का भाव अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। भारत में कई बार परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था को ढालने और तत्काल समाधान निकालने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। लेकिन लंबे समय की मजबूत व्यवस्था के लिए केवल 'जुगाड़' पर्याप्त नहीं हो सकता। यहां लोगों का अपने काम और सार्वजनिक व्यवस्था के प्रति व्यवहार, सड़क पर नियमों का पालन केवल पुलिस के डर से नहीं, बल्कि सामान्य सामाजिक व्यवहार का हिस्सा दिखाई देता है। नागरिकों का व्यवहार भी विकास का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमरीका में अलग–अलग देशों और संस्कृतियों से आए लोग रहते हैं। भारतीय, चीनी, मैक्सिकन, यूरोपीय, अफ्रीकी और अनेक अन्य समुदाय यहां अपनी–अपनी पहचान के साथ जीवन जीते हैं। इसके बावजूद एक सांझी अमरीकी नागरिक पहचान बनाने का प्रयास दिखाई देता है। यह अनुभव भारत के लिए भी विचारणीय है कि अपनी मूल पहचान को बनाए रखते हुए एक व्यापक राष्ट्रीय पहचान को कैसे मजबूत किया जाए। इसी यात्रा के दौरान रैसीन शहर में भारतीय गुजराती कम्युनिटी के गरबा कार्यक्रम व हिंदू मंदिर में गणेश विसर्जन में शामिल होने का अवसर मिला। वहां पहुंचकर लगा कि हजारों मील दूर अमरीका में रहते हुए भी भारतीय समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को जीवित रखा है। अमरीका में रहने वाले भारतीयों ने अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा और अमरीकी जीवन–पद्धति के साथ–साथ भारतीय त्यौहारों, भाषा, भोजन और संस्कारों से जोडने का प्रयास किया है। फिर यात्रा नियाग्रा फॉल्स की ओर बढ़ी। नियाग्रा फॉल्स प्रकृति का ऐसा दृश्य है जिसके सामने मनुष्य की बनाई हुई सारी भव्यता छोटी लगने लगती है। पानी की विशाल धार, उसकी आवाज, चारों ओर उठती फुहार और प्रकृति की शक्ति, यह सब देखकर मन कुछ देर के लिए शांत हो जाता है। यहां अमरीका और कनाडा की सीमा के आसपास विभिन्न देशों और समुदायों से आए लोगों को एक साथ घूमते, आनंद लेते और एक–दूसरे के साथ सहज व्यवहार करते देखना भी अपने आप में एक अनुभव था। अमरीका में व्यक्तिगत स्वतंत्रता को काफी महत्व दिया जाता है। व्यक्ति अपनी पसंद, जीवनशैली और विचारों के अनुसार जीवन जीने का प्रयास करता है। लेकिन इसके साथ कानून और व्यक्तिगत जिम्मेदारी का संबंध भी दिखाई देता है। स्वतंत्रता तभी सार्थक होती है जब उसके साथ जिम्मेदारी जुड़ी हो। अमरीका में व्यक्ति की स्वतंत्रता अधिक प्रमुख दिखाई देती है, जबकि भारत में परिवार और सामाजिक संबंधों की भूमिका अधिक गहरी दिखाई देती है। दोनों व्यवस्थाओं की अपनी अच्छाइयां हैं और दोनों की अपनी चुनौतियां भी। भारत को अमरीका से व्यवस्था प्रबंधन, समय की पाबंदी, सार्वजनिक अनुशासन और संस्थागत कार्यप्रणाली के कुछ पहलू सीखने चाहिएं। वहीं अमरीका को भारत की पारिवारिक आत्मीयता, सामुदायिक जुड़ाव और विभिन्न परंपराओं को साथ लेकर चलने की क्षमता से सीखने के अवसर उपलब्ध हैं। समय बदल गया है, परिस्थितियां बदल गई हैं लेकिन मानवता का मूल प्रश्न आज भी वही है–हम अलग होते हुए भी एक–दूसरे के कितने करीब रह सकते हैं? यात्रा समाप्त हो जाती है लेकिन यात्रा से मिले विचार साथ चलते रहते हैं। शायद यात्रा का सबसे बड़ा लाभ यही है कि हम केवल दूसरे देश को देखकर वापस नहीं लौटते, हम अपने देश को भी एक नई दृष्टि से देखने लगते हैं।

# ट्रंप–शी मुलाकात, भारतीय रणनीति की परीक्षा

असद मिर्जा

ट्रंप–शी मुलाकात ने तमाशा और अस्थायी शांति पैदा की, पर इसका गहरा संदेश कठोर था रू वाशिंगटन और बीजिंग व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ईरान, ताइवान और ऊर्जा में अपनी प्रतिद्वंद्विता सुलझा नहीं रहे, बल्कि केवल संभाल रहे हैं। यही रणनीतिक प्रतिस्पर्धा आज भारत के विकल्पों और अमेरिका की इंडो–पैसिफिक साझेदारी को असमान ढंग से नया रूप दे रही है। व्हाइट हाउस में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात किसी बड़ी सफलता से कम और एक सहमति–आधारित विराम अधिक थी। दोनों नेताओं के पास तनाव कम करने के अपने कारण थे रू ट्रंप आर्थिक स्थिरता, आपूर्ति–श्रृंखला के दबाव से राहत और ईरान पर सहयोग चाहते थे, जबकि शी अपनी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षाओं में समझौता किए बिना बाजारों, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा तक चीन की पहुंच सुरक्षित रखना चाहते थे। सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह नहीं कि प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई, बल्कि यह कि दोनों पक्षों ने अनियंत्रित तनाव की कीमत स्वीकार कर ली है। पहले के टैरिफ युद्ध, निर्यात नियंत्रण, दुर्लभ मृदा प्रतिबंध और जवाबी कार्रवाइयों ने दोनों की परस्पर कमजोरियां उजागर कर दीं। वाशिंगटन उन्नत प्रौद्योगिकी रोक सकता है और डॉलर वित्त तक चीन की पहुंच खतरे में डाल सकता हैय बीजिंग खनिजों की आपूर्ति बाधित कर वैश्विक विनिर्माण अस्थिर कर सकता है। शिखर सम्मेलन ने इन कमजोरियों को खत्म करने के बजाय सौदेबाजी की ताकत में बदल दिया। व्यापार इस चर्चा का व्यावहारिक केंद्र रहा। ट्रंप की टैरिफ योजनाएं चीन के व्यापार अधिशेष के साथ–साथ रूसी–ईरानी ऊर्जा की चीनी खरीद से भी जुड़ी हैं। एक नए अमेरिकी कानून के तहत राष्ट्रपति को रूसी तेल–गैस के प्रमुख खरीदारों, जिनमें चीन और भारत शामिल हैं, पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार मिला है। यह वाशिंगटन को बढ़त देता है, पर बीजिंग पर इसे लागू करने से व्यापार युद्ध भड़कने, खनिजों की कमी बढ़ने और नई चीनी निर्यात पाबंदियों का खतरा है। यही बात सम्मेलन की नरमी को समझाती है। ट्रंप कठोर शुल्कों की धमकी दे सकते हैं, पर चीन अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए इतना महत्वपूर्ण है कि उसे सामान्य व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी नहीं माना जा सकता। चीन निर्मित वस्तुओं और दुर्लभ मृदा सामग्री का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, जबकि अमेरिकी कंपनियां चीनी मांग व उत्पादन नेटवर्क पर निर्भर हैं। अस्थायी टैरिफ समझौता व्यावसायिक रूप से उपयोगी हो सकता है, पर बाजार पहुंच, सब्सिडी या प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मतभेद हल नहीं करेगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस प्रतिस्पर्धा का गहरा पहलू थी। वाशिंगटन और बीजिंग अब एआई को केवल व्यावसायिक क्षेत्र नहीं मानतेय यह सैन्य कमान, साइबर अभियानों, खुफिया विश्लेषण, स्वायत्त हथियारों और आर्थिक उत्पादकता के केंद्र में है। सम्मेलन के आसपास हुए आयोजनों में प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के अधिकारियों की उपस्थिति निजी क्षेत्र की भूमिका रेखांकित करती है। दोनों सरकारें चिप्स और कंप्यूटिंग ढांचे तक पहुंच पर चर्चा कर सकती हैं, पर अविश्वास, सहयोग सीमित रखेगा। अमेरिका चीन की उन्नत सेमीकंडक्टर पहुंच धीमी करना चाहता हैय चीन प्रतिस्पर्धी मॉडल के लिए कंप्यूटिंग शक्ति चाहता है। कोई भी पक्ष वह बढ़त छोड़ने को तैयार नहीं जो भविष्य के सैन्य–आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। एआई ने नागरिक और सैन्य प्रौद्योगिकी के बीच पारंपरिक अंतर भी जटिल बना दिया है। बड़े भाषा मॉडल, उपग्रह विश्लेषण और स्वायत्त प्रणालियां व्यावसायिक और रक्षा दोनों उद्देश्य पूरे कर सकती हैं। भारत के लिए यह अवसर और जोखिम दोनों है। नई दिल्ली डेटा केंद्रों, चिप पैकेजिंग और रक्षा एआई में निवेश आकर्षित कर सकती है, पर उसे किसी एक प्रौद्योगिकी गुट पर निर्भर होने या सस्ते असेंबली आधार बनने से बचना होगा। ईरान और युद्ध के ऊर्जा बाजारों पर प्रभाव ने वार्ता में बड़ा भू–राजनीतिक आयाम जोड़ा। बताया जाता है कि वाशिंगटन ने तेहरान से संबंधों पर बीजिंग पर दबाव डाला, आरोप लगाते हुए कि चीनी सहायता व उपग्रह जानकारी ने ईरान की सैन्य क्षमताएं मजबूत कीं। अमेरिकी अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ईरानी लक्ष्य–निर्धारण और ड्रोन से जुड़ी चीनी सहायता स्वीकार्य नहीं है। ट्रंप की समस्या यह है कि वे टकराव की कीमत चुकाए बिना चीन की मदद चाहते हैं। बीजिंग के तेहरान से संबंध, तेल बाजार में क्रय शक्ति और क्षेत्रीय व्यापार मार्गों पर प्रभाव है। वह संयम को प्रोत्साहित कर सकता है या होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजरानी मार्ग खोलने में मदद कर सकता है। लेकिन चीन के केवल अमेरिकी उप–ठेकेदार बनकर काम करने की संभावना कम है। उसकी प्राथमिकता ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा, अमेरिकी प्रभाव सीमित करना और मध्य पूर्व में अपनी स्थिति बनाए रखना है। ऊर्जा का मुद्दा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि युद्ध ने वैश्विक तेल सुरक्षा की मान्यताओं को नुकसान पहुंचाया है। होर्मुज से घटता आवागमन और ईरानी–रूसी निर्यात पर प्रतिबंधों ने आपूर्ति तंग कर दी है। अगस्त में चीन ने लगभग 18 लाख बैरल प्रतिदिन ईरानी कच्चा तेल आयात किया, जबकि जुलाई तक भारत की रूसी तेल पर निर्भरता आयात के लगभग आधे तक बढ़ गई। इससे भारत के लिए तत्काल जोखिम पैदा होता है। नई दिल्ली की रियायती रूसी तेल खरीद ने मुद्रास्फीति नियंत्रित रखने और उपभोक्ताओं को मूल्य झटकों से बचाने में मदद की है पर अमेरिकी टैरिफ या द्वितीयक प्रतिबंध इन खरीदों को महंगा बना सकते हैं और भुगतान, शिपिंग व बीमा जटिल बना सकते हैं। प्रस्तावित टैरिफ अधिकार रूस से असंबंधित भारतीय निर्यात को भी प्रभावित कर सकता है। विद्युत मशीनरी, स्मार्टफोन और भारत में असेंबल इलेक्ट्रॉनिक घटक अमेरिका को भारत के महत्वपूर्ण निर्यातों में शामिल हैं। दंडात्मक टैरिफ भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता उसी समय कमजोर कर सकता है जब वाशिंगटन कंपनियों को चीन से दूर सप्लाई चेन विविध बनाने को प्रोत्साहित कर रहा है। यह विरोधाभासी होगा कि अमेरिका भारतीय विनिर्माण चाहे, पर युद्ध से उपजे ऊर्जा विकल्पों के लिए भारत को दंडित करे। भारत की प्रतिक्रिया दृढ़ता और बातचीत का मिश्रण होगी। जब तक खाड़ी की आपूर्ति सीमित है, वह रूसी तेल नहीं छोड़ सकता, न ही अमेरिकी बाजार नजरअंदाज कर सकता है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल्स और सेवाओं में भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए केंद्रीय है। नई दिल्ली छूट मांग सकती है, वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से खरीद बढ़ा सकती है और भंडार गहरा कर सकती है। फिर भी विविधीकरण में समय और लागत दोनों लगेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका–भारत संबंधों को भी प्रभावित करता है। वाशिंगटन और नई दिल्ली चीन के सैन्य उभार और तकनीकी महत्वाकांक्षाओं पर साझा चिंताएं रखते हैं। क्वाड और सेमीकंडक्टर पहलों से सहयोग इस संबंध को रणनीतिक गहराई देता है। भारत इंडो–पैसिफिक में मूल्यवान संतुलनकारी शक्ति और वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र है। हालांकि, टैरिफ की धमकी इस साझेदारी की सीमाएं उजागर करती है। भारत रणनीतिक स्वायत्तता चाहता है, न कि कोई गठबंधन जो उसकी ऊर्जा नीति तय करे। वाशिंगटन तेजी से यह अपेक्षा करने लगा है कि साझेदार उसकी प्रतिबंध प्राथमिकताओं का समर्थन करें और अमेरिकी नियमों के अनुरूप चलें। लेन–देन–केंद्रित ट्रंप प्रशासन भारत के व्यापार अधिशेष और रूसी तेल खरीद को रणनीतिक दृष्टिकोण के बजाय अलग सौदेबाजी लक्ष्यों के रूप में देख सकता है। चीन इस तनाव का फायदा उठा सकता है। यदि बीजिंग को टैरिफ राहत मिलती है जबकि भारत दंडित होता है, तो नई दिल्ली यह मान सकती है कि वाशिंगटन साझेदारी के बजाय ताकत को पुरस्कृत करता है। ऐसी धारणा रक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा पर सहयोग जटिल बना सकती है। इसलिए भारत यह भी देखेगा कि क्या वाशिंगटन अपना आर्थिक दबाव समान रूप से लागू करता है। ट्रंप–शी मुलाकात का केंद्रीय सबक यह है कि प्रतिद्वंद्विता कम नहीं हो रही, बल्कि अधिक व्यवस्थित ढंग से संभाली जा रही है।

# कोचिंग मुफ्त हो या बंद?

राजिंदर चौधरी

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और युवाओं के हाल के आन्दोलन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं का मुद्दा चर्चा में है। खबरें आ रही हैं कि भारत सरकार नीट जैसी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है। श्सुपर 30श से प्रोत्साहित होकर हरियाणा सरकार ने सुपर 100 शुरू किया जो अब सुपर 500 किया जा रहा है। इनमें चयनित बच्चों को होस्टल में रखकर परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी और खर्च सरकार उठाएगी। ये उपाय समता–मूलक लग सकते हैंय जो बच्चे महंगी कोचिंग का बोझ नहीं उठा सकते, उनके लिए निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराना समता की ओर उठाया कदम लग सकता है, परन्तु कोचिंग (या ट्यूशन) की जरूरत ही क्यों पड़े? स्कूली शिक्षा ही पर्याप्त क्यों न हो? क्यों बच्चों पर दोहरा बोझ हो? क्यों स्वतन्त्र अध्ययन–मनन के स्थान पर बच्चे का अधिकांश समय कक्षा में ही बीते? इन प्रश्नों पर विचार करना जरूरी है। कोचिंग की जरूरत के दो ही कारण हो सकते हैं– या तो स्कूल अपना काम ठीक से नहीं करते या परीक्षाओं का स्तर स्कूल की पढ़ाई से ऊपर का है। दोनों परिस्थितियों में असफलता व्यवस्थागत है, न कि व्यक्तिगत। ऐसा नहीं है कि सरकार को इसका अहसास नहीं है। एक साल पहले ही, 17 जून 2025 को, भारत सरकार ने कोचिंग सम्बन्धी मुद्दों पर विचार करने और विद्यार्थियों की कोचिंग पर निर्भरता घटाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। समिति को विद्यार्थियों की कोचिंग पर निर्भरता कम करने के उपाय सुझाने थे और फर्जी स्कूलों के पनपने की समस्या पर भी विचार करना था। इस कमेटी को हर माह मंत्री को रिपोर्ट करना था, परन्तु अब तक इसकी कोई रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। खबरों में इसकी सिफारिशों का जिक्र अवश्य आया है, लेकिन संसद के पटल पर दिसंबर 25 में रखी गई संसदीय समिति की 371वीं रिपोर्ट में स्पष्ट सिफारिश की गई है कि श्यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रश्न–पत्र स्कूल परीक्षाओं के पाठ्यक्रम से मेल खाते हों, ताकि एक समानांतर पाठ्यक्रम और उससे जुड़े कोचिंग सेंटर उद्योग के पनपने से बचा जा सके। असल में कोचिंग को बढ़ावा मिलने का बड़ा कारण यही है – दाखिला परीक्षाओं में प्रश्नों का स्तर स्कूल की किसी भी परीक्षा के स्तर से बहुत ऊपर का होता है। जिन परीक्षाओं में स्तर जटिल नहीं होता, वहां गति महत्वपूर्ण हो जाती है, यानी प्रश्न ज्यादा और समय कम। इन दोनों कारणों से कोचिंग का रुझान दाखिलों और नौकरी के लिए बढ़ता जा रहा है। जटिल प्रश्नों, अपेक्षित न्यूनतम योग्यता से ऊपर के प्रश्नों या कम समय में ज्यादा प्रश्नों की जरूरत क्यों पड़ती है? ताकि लाखों अभ्यर्थियों में से कुछ को चुना जा सके, परन्तु यह अंतर ही मुख्य समस्या है। इस अंतर को खत्म करना होगा। क्यों देश भर से लोग दिल्ली विश्वविद्यालय में ही आयें? क्या हर कालेज उच्च स्तरीय नहीं होना चाहिए? क्या हर डाक्टर और हर इंजीनियर को सक्षम नहीं होना चाहिए? क्या हर पीएचडी को समाज उपयोगी शोध नहीं करना चाहिए? क्या पीएम श्री स्कूलों में जो सुविधाएं हैं (या होनी चाहिए), उनमें ऐसे क्या विशेष उपकरण हैं जो हर स्कूल में नहीं होने चाहिए? जब तक गरिमापूर्ण आजीविका के अवसर और उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान सीमित रहेंगे, तब तक कोचिंग का बोलबाला रहेगा, स्कूल फर्जी स्कूल बनकर रह जायेंगे और पेपर लीक माफिया सक्रिय रहेगा। क्या इसका अर्थ यह है कि जब तक ये बुनियादी प्रश्न हल नहीं होते तब तक कुछ नहीं हो सकता? नहीं, तात्कालिक रूप से भी काफी कुछ हो सकता है। सबसे पहले तो संसदीय समिति की सिफारिश के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी तरह की परीक्षाएं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के लिए आवश्यक पूर्व परीक्षा पर आधारित हों, यानी नीटध्टीईई की परीक्षा विषय–वस्तु एवं स्तर, दोनों तरह से 12वीं की परीक्षा के अनुरूप हो। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों में से कुछ को चिह्नित करने के लिए न तो जवाब देने की गति को आधार बनाना चाहिए और न ही जटिलता को। परीक्षक समझ और उस आधार पर अभ्यर्थी को जांचे जो सभी विद्यार्थियों को सहज उपलब्ध हो। ऐसा करना न केवल समता–मूलक है, अपितु बच्चों पर किशोरावस्था में पड़ने वाले अनावश्यक तनाव को भी कम करने के लिए जरूरी है। परीक्षाओं के प्रश्नों के स्वरूप का भी सुधार होना चाहिए। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के मूल्यांकन के लिए मशीनों के प्रयोग को सुलभ बनाने के लिए अधिकांशतः प्रतियोगी परीक्षायें बहुविकल्पीय प्रश्नों तक सीमित हो जाती हैं। पूरी तरह बहुविकल्पीय प्रश्नों पर निर्भर होने के स्थान पर संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्नों और लम्बे प्रश्नों का भी उपयोग किया जाए। क्यों स्वयं गणना करने के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही चुनने को कहा जाए? विद्यार्थी की समझ और उपयोग की जांच हो, न कि याददाश्त और लिखने की गति की। ऐसे प्रश्न होने पर मूल्यांकन मशीन द्वारा नहीं हो पायेगा और व्यक्तियों की जरूरत होगी। ऐसा करने पर दो दिक्कतें हो सकती हैं, परन्तु उनका भी सहज उपाय है। एक समस्या भेदभाव की हो सकती है जिससे बचने के लिए हर उत्तर पुस्तिका को मूल्यांकन के पश्चात सार्वजनिक कर दिया जाए और पुनर्मूल्यांकन सुलभ बनाया जाए। इसके अलावा हर साक्षात्कार के वीडियो भी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध होने चाहिए। ऐसा करने से भेदभाव और सिफारिश पर काफी हद तक रोक लग सकती है। मशीनों से मूल्यांकन न करवाकर व्यक्तियों से मूल्यांकन करवाने से दूसरी समस्या यह होगी कि इसमें समय और संसाधन अधिक लगेंगे, परन्तु विचार करने पर आप पायेंगे कि गैर–मशीनी मूल्यांकन में लगने वाला अतिरिक्त समय और संसाधन रटने और कोचिंग पर लगने वाले समय और संसाधनों से कम ही होगा। इन तात्कालिक उपायों से पेपर लीक करने–कराने का प्रलोभन खत्म तो नहीं होगा, परन्तु कम हो जाएगा। इसके साथ ही कोचिंग और ट्यूशन की जरूरत भी काफी कम हो जायेगी, फर्जी स्कूल भी कम हो जायेंगे। कोचिंग और ट्यूशन को बैन भले ही न किया जाए, परन्तु इनको शिक्षण संस्थाओं की असफलता का पैमाना माना जाए। जिस राज्य,जिले,शहर में कोचिंग संस्थान बढ़ें, इसे उस क्षेत्र के शिक्षा अधिकारियों की असफलता माना जाए। उपरोक्त उपायों के बिना पेपर लीक की मांग और आपूर्ति कराने वाले बने रहेंगे।

## नगर दक्षिण खो-खो बालिका प्रतियोगिता में गुरु माधव प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज का दबदबा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नगर दक्षिण खो–खो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का आयोजन गुरु माधव प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज के तत्वावधान में डॉ. केएन काटजू के मैदान पर किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर अंडर–19 वर्ग में गुरु माधव प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल कर



ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि इंडियन गर्ल्स कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। जूनियर अंडर–17 वर्ग में महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। गुरु माधव प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज को दूसरा स्थान मिला। सब–जूनियर अंडर–14 वर्ग में विद्यावती दरबारी इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गुरु माधव प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश खो–खो संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट प्रयागराज के शासकीय अधिवक्ता प्रण विजय सिंह रहे। इस अवसर पर महिला सेवा सदन की प्रधानाचार्य सुमन लता चौधरी, उषा सिंह, सुषमा कटिहार, मंजू सिंह, सर्वा इंटर कॉलेज के अंकित जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्व जेडी आर एन विश्वकर्मा हुए रिटायर, दी गयी विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) आर एन विश्वकर्मा आज रिटायर हो गये। जेडी कार्यालय में विदाई समारोह हुआ। शिक्षाधिकारियों और शिक्षकों ने पूर्व जेडी आरएन विश्वकर्मा के कार्यकाल, सरल स्वभाव, मृदुभाषी और सदैव सभी की मदद करने वाला बताया। वह सभी की सदैव मदद करते थे। प्रयागराज मण्डल के पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) आर एन विश्वकर्मा ने सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस दौरान प्रयागराज मण्डल के नवनियुक्त जेडी डा ब्रजेश कुमार मिश्र, डीआईओएस ध डायट प्राचार्य डा संतोष कुमार राय, जीआईसी के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह, उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट ) के संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, उ प्र वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध यक्ष डा ज्ञान प्रकाश सिंह सहित बडी संख्या में शिक्षक, कर्मचारियों ने पूर्व जेडी आर एन विश्वकर्मा को विदाई दिया।



## नवनियुक्त जेडी ब्रजेश मिश्रा ने संभाला कार्यभार

### पूर्व जेडी आर एन विश्वकर्मा को दी गयी विदाई शिक्षा विभाग के अफसर, कर्मचारी, शिक्षक नेता विदाई समारोह में हुए शामिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल के नवनियुक्त संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) डा ब्रजेश कुमार मिश्र ने आज कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से होगा और उनको कार्यालय का चक्कर लगाना नही पडेगा। इस दौरान शिक्षा विभाग के अफसरों, शिक्षक संघ के नेताओं, शिक्षको और कर्मचारियों ने नवनियुक्त जेडी डा ब्रजेश कुमार मिश्र को बधाई और पूर्व जेडी आर ए न विश्वकर्मा को जेडी कार्यालय में विदाई दी गयी।



प्रयागराज मण्डल के नवनियुक्त संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) डा ब्रजेश कुमार मिश्र बिहार के मधुबनी निवासी है। वह 1998 बैच के वरिष्ठ पीईएस अधिकारी है जो प्रयागराज सहित कई जिलों में बीएसए, हरदोई में बीएसए और डीआईओएस, प्रतापगढ़, जौनपुर, बलिया सहित कई जिलों में डीआईओएस थे। उप शिक्षा निदेशक संस्कृत के पद पर वर्तमान में उ प्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में तैनाती है।

प्रयागराज मण्डल के नवनियुक्त संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) डा ब्रजेश कुमार मिश्र को बधाई देने वालों में डीआईओएस ध डायट प्राचार्य डा संतोष कुमार राय, बीएसए अनिल कुमार, श्री महावीर संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यव्रत मिश्र गौरव, उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट ) के संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, सुरेन्द्र सिह, लक्ष्मीनारायण सिंह, मिथलेश मौर्य सहित अन्य संगठनों के शिक्षक नेता, शिक्षक सहित बडी संख्या में कर्मचारी थे।

# विद्यालयीय अंडर-17 क्रिकेट ट्रायल में 48 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जनपद स्तरीय विद्यालयीय अंडर–17 बालक क्रिकेट ट्रायल बुधवार को मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित किया गया। चयन प्रक्रिया में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे 48 होनहार क्रिकेटरों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में दमखम दिखाते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया।

ट्रायल से पूर्व यादगारे हुसैनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद रजा हुसैन एवं मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एबादुर रहमान ने खिलाड़ियों से परिचय



प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

यादगारे हुसैनी इंटर कॉलेज के क्रीड़ाध्यक्ष एवं ट्रायल संयोजक सैयद मोहम्मद अब्बास ने बताया कि जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया में कुल 48 क्रिकेटरों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन हसबीन अहमद एवं गालिब अंसारी ने चयनकर्ता के रूप में किया।

कार्यक्रम का संचालन अकील अब्बास रिजवी ने किया। इस अवसर पर क्रिकेट कोच जुल नूरैन, अरुण कुमार, अख्तर अब्बास, एहसान अब्बास, मोहम्मद आरिफ एवं शाहबाज अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज में क्रीड़ाध्यक्ष के रूप में तीन दशक से अधिक समय तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए अकील अब्बास रिजवी का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। खेल और खिलाड़ियों के विकास में उनके लंबे योगदान को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उन्हें सम्मानित किया। उनके कार्यकाल को विद्यालयीय क्रिकेट और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया।

# सीएमपी महाविद्यालय में राजभाषा पखवाड़े का समापन

### सृजन, भाषा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ' विषय पर संगोष्ठी, कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सीएमपी महाविद्यालय में विगत 15 दिनों से चल रहे राजभाषा पखवाड़े का समापन समारोह बुधवार को संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय विकास परिषद के अधिष्ठाता प्रो. अजय जेटली, विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस आयुक्त विजय ढुल तथा मुख्य वक्ता गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक शोध संस्थान के निदेशक प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद हिंदी विभाग की संयोजिका प्रो. सरोज सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा 'सृजन, भाषा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन किया।

मुख्य वक्ता प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्षों पर विचार रखते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मशीनी दुनिया से जुड़ी व्यवस्था है, जो मानवीय संवेदनाओं और विचारों को उसी रूप में अभिव्यक्त नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व लगातार बढ़ रहा है, लेकिन मानवीय संवेदनाओं को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस आयुक्त विजय ढुल ने एक कहानी के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पक्षों को समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जागरूक करते हुए आधुनिक दौर में गुरु के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि प्रो. अजय जेटली ने कहा कि रंग, तूलिका और मानवीय संवेदना से होने वाले सृजन को कृत्रिम बुद्धिमत्ता पूरी तरह प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। मशीन मनुष्य के कार्यों को आसान बना सकती है, लेकिन मानवीय सोच, विचार और संवेदनाओं का स्थान नहीं ले सकती।



अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक जीवन में इसके बढ़ते महत्व की चर्चा की। उन्होंने तकनीक से कार्यों के सरल होने के साथ ही उसके संभावित सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों के प्रति भी सजग रहने की आवश्यकता बताई।

आभार ज्ञापन प्रो. आभा त्रिपाठी ने किया तथा संचालन डॉ. रंजीत सिंह ने किया।

समारोह के बाद आयोजित कवि सम्मेलन में श्लेष गौतम, विनम्र सेन सिंह, कविता कादंबरी, शिवांगी गोयल, चेतन यादव, कंचन सिंह, अंबुज यादव, शिवांग, उषा नंदन, अर्पित पांडेय और सुशांत ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और खूब तालियां बटोरीं। कवि सम्मेलन का संचालन डॉ. रंजीत सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रेम शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. अर्चना खरे, भावना चौहान, प्रो. नीता सिन्हा, एसपी सिंह, पूजा गोंड, प्रियंका गोंड, राजेंद्र यादव, जी. गणेशन मिश्रा, रामानुज यादव सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज हॉस्पिटल में वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। करेली स्थित पहलवान चौराहा के प्रयागराज हॉस्पिटल में वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में केक काटकर कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आरिज कादरी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद शाहिद, डॉ. सुहैल अंसारी और डॉ. अजहर रिजवी समेत अस्पताल के चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद शाहिद ने लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने और हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बदलती



जीवनशैली, खानपान में लापरवाही, शारीरिक गतिविधियों की कमी, तनाव और धूम्रपान जैसी आदतों का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। डॉ. मोहम्मद शाहिद ने कहा कि हृदय से जुड़ी समस्याओं के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सीने में दर्द या दबाव, सांस लेने में परेशानी, अत्यधिक थकान अथवा अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। समय पर जांच और उपचार से कई गंभीर समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आरिज कादरी ने भी लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खानपान के साथ–साथ नियमित शारीरिक गतिविधि और तनाव से बचना भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने और हृदय संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों और अस्पताल के कर्मचारियों ने केक काटकर वर्ल्ड हार्ट डे मनाया तथा लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# बैठक में बनी विजय परचम लहराने की रणनीति 5 अक्टूबर को होगा नामांकन

### इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर का हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बुधवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर का भव्य स्वागत अभिनंदन हुआ। इसके बाद इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र चुनाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव पूरी मजबूती से लड़ना है। जिलों के जिला प्रभारी, जिला संयोजक, विधानसभा संयोजक दो दिन के अंदर अपने जिला व विधानसभा स्तर पर पोलिंग इंचार्जों के साथ बैठक कर ई पर्ची मतदाताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एवं दूर वाले मतदाता पोलिंग बूथ तक कैसे आयेंगे इसकी भी चिंता करें। कमर कस लें। मतदाताओं से संपर्क संवाद में ढिलाई न बरते। मंडल अध्यक्षों को भी अपने अपने मंडल में पूरी निष्ठा व ताकत से लगना है। 5 अक्टूबर को होने वाले नामांकन को भव्य बनाने को लेकर कार्यकर्ता अभी से पूरी तैयारी कर लें। इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र चुनाव के संयोजक अशोक राजपूत ने कहा कि संगठन का निर्णय सर्वोपरि है। हम जीत का परचम लहराएंगे ये पूरा विश्वास है। पार्टी कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव लड़ेंगे। बैठक का संचालन काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र चुनाव के सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने किया। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, कौशाम्बी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, प्रयागराज महानगर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, यमुनापार प्रभारी अशोक मिश्रा, गंगापार प्रभारी अनिल सिंह सहित चारों जिलों के जिला व विधानसभा संयोजक उपस्थित रहे।

## एजी ऑफिस के 12 कर्मचारी हुए रिटायर, गेट पर दी गई विदाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। कार्यालय महालेखाकार के माह सितंबर– 2026 में 12 सेवानिवृत कर्मचारियों का विदाई समारोह गेट पर बुधवार को संपन्न हुआ। सेवानिवृत कर्मचारी ध्अधिकारी रामशंकर शुक्ला वरिष्ठ लेखाकार, मनोज गर्ग पर्यवेक्षक , रमाकांत पर्यवेक्षक, सोहेल खान वरिष्ठ लेखाधिकारी, अरुण कुमार पर्यवेक्षक , राम अवध पाल वरिष्ठ लेखाकार, बैजनाथ वरिष्ठ लेखाकार , मुकेश चंद्र द्विवेदी वरिष्ठ लेखाकार, संदीप श्रीवास्तव वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, राम प्रवेश वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, अजीत प्रताप सिंह सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, श्रीमती रामरती एमटीएस को फूल माला एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर विदाई दी गयी। विदाई कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन प्रयागराज के संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता की ओर से किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रकाश अध्यक्ष कोऑपरेटिव सोसाइटी, अजय कृष्ण मिश्रा वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, विजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष ऑडिट, प्रमोद मिश्रा महामंत्री ऑडिट एसोसिएशन, राजू मिश्रा पूर्व डायरेक्टर, अनिल दास पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष,अमित सिंह सचिव मनोरंजन क्लब ऑडिट,सगीर अहमद, बिनोद कुमार उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष, पंकज मालवीय, रजनीकांत विद्यार्थी वरिष्ठ लेखाधिकारी,मनोज कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष ऑडिट ,कृपाशंकर सिंह, कुलदीप कुमार,अनूप कुमार टंडन ,इंद्रेश कुमार,नीरज श्रीवास्तव पूर्व डायरेक्टर का रहा। लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, सतीश राय ,ज्ञान चंद्र, सुजीत चंद्रा, ललित श्रीवास्तव, देशराज सिंह, सुनील सोनकर पूर्व अध्यक्ष, राजेश श्रीवास्तव, विनोद कुमार श्रीवास्तव, के. के. सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुबोध चंद्र प्रजापति, राम मिलन, माता प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, राज कुमार यादव, शादाब रजा, संजय बहल, रमेश चंद्र गुप्ता,आत्म प्रकाश सिंह, चन्द्र शेखर सिंह, श्याम सुंदर दुबे, ,अर्जुन पाठक, राधेश्याम मौर्या, विजय कुमार नैयर, बलवंत राय मदान, सोहन लाल, राजेश गोयल, सुनील कुमार, वीरेंद्र दयाल, विपिन यादव, रंजीत कुमार एवं अन्य साथियों का सहयोग रहा।



## घूरपुर पुलिस द्वारा चलाया सघन चेकिंग अभियान,25 भारी वाहनों का किया चालान

### 105 वाहनों की चेकिंग, अवैध पार्किंग पर कसी नकेल, 80 वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटवाया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। यमुनानगर जोन में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए थाना घूरपुर पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के दिशा निर्देशन में पीयूष मोर्डिया के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में रीवा हाईवे पर नो–एंट्री में घुसने वाले और सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई की गई।पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चंद्र यादव और अपर पुलिस उपायुक्त विजय आनंद के निर्देश पर एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घूरपुर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और रीवा हाईवे पर सघन चेकिंग की।पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान कुल 105 भारी वाहनों को चेक किया गया। नियमों का उल्लंघन करने पर 25 वाहनों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किया गया, जबकि 80 वाहनों को हिदायत देकर मौके से हटवाया गया। अवैध पार्किंग के कारण हाईवे पर लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिली।थानाध्यक्ष घूरपुर अतुल मिश्र ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। नो–एंट्री और अवैध पार्किंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखी अपनी समस्याएं जल्द समाधान के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रयागराज में भी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बंधु समिति की एक बैठक संगम सभागार में आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओं ने क्षेत्र की समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष उठाया जिस पर जिलाधिकारी ने जल्द ही सभी मामले को हल करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान उ प्र आदर्श व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी ने भदरी स्थित रेलवे फाटक पर अंडर पास बनवाने को लेकर एक बार फिर से जिलाधिकारी के समक्ष पूरे जोर शोर से यह मुद्दा उठाया जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने मामले में संज्ञान लेते हुए बताया कि इस पर शासनादेश से जानकारी मांगी गई है जल्द ही मामले में कार्यवाही होने की बात कही । साथ ही साथ शिवगढ़ ठाकुरद्वारा मंदिर से संकल्प स्कूल तक बनने वाली सड़क का टेंडर होने के बाद भी अब तक निर्माण न होने को लेकर जिलाधिकारी महोदय से शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाते हुए जल्द ही सड़क निर्माण की बात कही। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी ने शिवगढ़ चौराहे से पु शिवगढ़ तक सड़क निर्माण व नाली की सफाई के लिए भी जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन दिया। इसके अलावा उ प्र आदर्श व्यापार मंडल के मलाक चौधरी व्यापार मंडल अध्यक्ष राम नरेश विश्वकर्मा द्वारा मलाका स्थित चौराहे से हदिगहां चौराहे तक सड़क के बीच बने डिवाइडर पर लगी बंद पड़ी स्ट्रीट लाईट को अविलंब जलवाने को लेकर व उसरही नहर के पटरियों पर लगे झाड़ को हटवाने को लेकर जिलाधिकारी महोदय से लिखित ज्ञापन दिया।जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने जल्द ही समस्याओं को हल करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।



## सैनी बस स्टॉप प्रभारी शिव बाबू सिंह पटेल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सैनी बस स्टॉप परिसर में बस स्टॉप प्रभारी शिव बाबू सिंह पटेल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारियों और सहयोगियों



ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके कार्य एवं व्यवहार की सराहना की। साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिव बाबू सिंह पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखा। उनकी कार्यशैली और सहयोगात्मक व्यवहार को लंबे समय तक याद किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में डीपीओ प्रभारी गंगा शंकर शर्मा, संचालन प्रभारी मनोज पाठक, टीआई फारूक आलम, राम प्रकाश पटेल, प्रभाकर शुक्ला, आरिफ राशिद उर्फ गप्पू भाई, दिलीप सेन, रविंद्र सिंह, कमलेश कुमार, गया पटेल, मोहम्मद यूनुस, अंजुम अली, मोनू मौर्य और चिंटू यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सेवानिवृत्त प्रभारी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को सराहा।

## हैंडपंप को लेकर विपक्षी ने महिला के साथ मारपीट कर दी धमकी, प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी खतीब गांव के एक व्यक्ति का आरोप है कि पड़ोस का एक विपक्षी मोहल्ले के लगे हैंडपंप को लेकर मां के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगा और धमकी देने लगा, पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी खतीब गांव निवासी हिमांशु कुमार पुत्र फूलचंद्र ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि तीन महीने पहले उसने घर के पास हैंडपंप लगवाया था जिसको लेकर पड़ोस का एक विपक्षी मां संगीता देवी के साथ आएदिन गाली गलौच करता है, पीड़ित का आरोप है कि रविवार की रात नौ बजे विपक्षी मां को गाली गलौच कर रहा था जिसका विरोध करने पर विपक्षी मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा, पीड़ित की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने आदित्य कुमार उर्फ बद्दन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर विभिन्न मामलों से संबंधित फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए



उनके निस्तारण के संबंध में निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन मामलों में पुलिस स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है, उनमें प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को उनकी शिकायत पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिव प्रकाश तिवारी उर्फ बच्चा बने भाकियू असोथर ब्लॉक अध्यक्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान के निर्देश और प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में संगठन का विस्तार करते हुए समाजसेवी शिव प्रकाश तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी को असोथर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके मनोनयन की जानकारी मिलने के बाद असोथर नगर पंचायत में समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों



और किसान संगठन से जुड़े लोगों ने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर शिव प्रकाश तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि किसानों के हित, सम्मान और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को संगठन के माध्यम से प्रमुखता से उठाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने असोथर नगर पंचायत के नागरिकों और किसान साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सेवा सेतु अभियान में छह ब्लॉकों में बहुउद्देशीय शिविर, हजारों लाभार्थियों ने लिया हिस्सा

### धाता में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान और मलवा में विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने शिविर का किया अवलोकन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत जिले के विकासखंड हसवा, भिटौरा, धाता, देवमई, असोथर और मलवा में बहुउद्देशीय सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, सेवाओं और पात्रता की जानकारी दी। साथ ही पात्र लाभार्थियों के आवेदन लेकर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य, आवास, शौचालय समेत विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

देवमई, मलवा, असोथर और हसवा विकासखंडों में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि भिटौरा और धाता विकासखंडों में 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक बहुउद्देशीय कैंप चल रहे हैं। बुधवार को देवमई विकासखंड के शिविर में करीब 772, मलवा में 863, असोथर में 1131, हसवा में 1155, भिटौरा में 388 और धाता विकासखंड में लगभग 1133 लाभार्थियों ने सहभागिता की। धाता विकासखंड में आयोजित शिविर का राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं मलवा विकासखंड में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने शिविर का निरीक्षण किया और वहां प्रतिभाग कर रहे विभिन्न विभागों की जानकारी ली। शिविरों में लोगों को विभागीय योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। पात्र लोगों के आवेदन भी लिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से आवास, शौचालय और



स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को लेकर लोगों की अधिक सहभागिता रही। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने शिविरों में पहुंचने वाले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। बहुउद्देशीय शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी एवं लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने बताया कि शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शिविरों के सफल आयोजन में संबंधित विकासखंडों के खंड विकास अधिकारियों, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। प्रशासन की ओर से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्टॉलों के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। धाता विकास खंड में मंत्री कृष्णा पासवान ने दिव्यांगो को ट्राई साइकिल भी वितरित की।

## पीड़िता ने मोहल्ले के एक युवक पर लगाया शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी । कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली एक युवती ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले के एक युवक पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और गर्भवती होने पर शादी से मुकरने का आरोप लगाया है, पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक युवती का आरोप है कि मोहल्ले के एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था, धीरे धीरे जब दोनों में प्रसंग गहरा हुआ तो युवक शादी का झांसा देकर संबंध बनाने लगा, पीड़िता के मुताबिक वह चार महीने की गर्भ से है और युवक से शादी का आग्रह किया तो युवक शादी से मुकर गया, और माता पिता को जान से मारने की धमकी देता है, पीड़िता की तहरीर पर कड़ा धाम पुलिस ने दारानगर के म्योहरा निवासी मनोज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## कसिया में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व पीएम श्री विद्यालय में छात्राओं को कानून की जानकारी देकर किया गया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशांबी द्वारा बाल संरक्षण व बाल यौन उत्पीड़न के अंतर्गत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशांबी प्रिया सिंह द्वारा बुधवार को सिराथू तहसील क्षेत्र के कसिया में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कसिया पश्चिम प्रथम व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कसिया मे विधिक संगोष्ठी का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सचिव प्रिया सिंह द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात वार्डन अनीता नायक के द्वारा रोली चंदन लगाकर सचिव का स्वागत किया गया। इस दौरान सचिव प्रिया सिंह ने छात्राओं को पाक्सो एक्ट 2012 के बारे में विधिवत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि गुड टच बैड टच आदि के बारे में जागरूक करते हुए कानून की जानकारी दी।

छात्राओं को बताया व समझाया गया छात्राओ को अवगत कराया गया कि वह सजग रहते हुए नियमों से अवगत रहें। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी दुर्घटना समस्या या परेशानी की स्थिति में एक्ट के माध्यम से दंडित किया जाएगा जिसमें कम से कम 3 वर्ष और अधिकतम आजीवन कारावास व मृत्यु दंड की तक की सजा निहित है। कार्यक्रम में वार्डन अनीता नायक, सचिन कुमार ओझा, पुष्पा सिंह, अनीता पाण्डेय, ज्योतिराज, निशा त्रिपाठी , प्रदीप शुक्ल एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता में तीन मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत, विधायक ने बढ़ाया उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र असोथर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के 40 परिषदीय विद्यालयों के 145 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय रामनगर कौहन की छात्रा लक्ष्मी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय राजारामपुर के छात्र सूरज ने द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय प्रेममऊ कटरा की छात्रा अंजली सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को ब्लॉक सभागार असोथर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक विकास गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि बढ़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने वाले शिक्षकों का भी उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में शामिल अन्य विद्यार्थियों को भी उनकी प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्रा, ललितेश त्रिवेदी, विक्रम सिंह, प्रभात गुप्ता, एआरपी लोकेश गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, हेमंत पाल, प्रदीप कुमार, ज्योति प्रकाश, गोरेलाल, सुशील, सुरेश कुमार, दीपक वर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के साथ शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास विकसित करने का संदेश दिया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा/फतेहपुर। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत राज बहादुर इंटर कॉलेज पुरईन में पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य हंसराज की उपस्थिति में हुआ। इसका आयोजन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई कानपुर तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार त्रिवेणी संगम हाईवेज के परियोजना प्रबंधक राकेश भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब 138 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने चित्रों और नारों के माध्यम से स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा



सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दो अक्टूबर को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा अधिकारी फिरोज खान, मार्ग गश्ती प्रभारी कृष्ण मुरारी, अनीस सिंह, कल्याण सिंह सहित राजमार्ग के अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

## राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण के लिए 50 किसानों का दल अयोध्या रवाना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए उर्मिला सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति, फतेहपुर की ओर से 50 किसानों का दल आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के लिए रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। उप कृषि निदेशक रामजतन मिश्र ने बताया कि कृषि संस्थान में किसानों को फसल विविधीकरण, उन्नत कृषि तकनीक, प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि, मिट्टी के स्वास्थ्य प्रबंधन, सब्जी एवं बागवानी की आधुनिक तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्राथमिक विद्यालय समदा में सीडीपीओ ने परखा बच्चों का शैक्षिक स्तर, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्र को मिला नकद पुरस्कार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विकास खंड चायल के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय समदा में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सतीश चंद्र ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षिक अधिगम का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ सतीश चंद्र ने कक्षा में जाकर बच्चों से उनके पाठ्यक्रम, सामान्य ज्ञान और बुनियादी शिक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे। अधिगम परीक्षण के दौरान विद्यालय के बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। सीडीपीओ सतीश चंद्र ने बच्चों की पठन-पाठन क्षमता, गणितीय कौशल और भाषा ज्ञान को बारीकी से परखा। इस दौरान पूछे गए कठिन सवालों का एक छात्र ने बेहद सटीकता और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। छात्र के इस उत्कृष्ट शैक्षिक अधिगम और तीव्र बुद्धिमत्ता से प्रसन्न होकर सीडीपीओ ने उसकी पीठ थपथपाई। बच्चों का हौसला बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सीडीपीओ सतीश चंद्र ने तत्काल 100 का नकद पुरस्कार देकर छात्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर सीडीपीओ ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का शैक्षिक स्तर लगातार सुधर रहा है। इस प्रकार के प्रोत्साहन से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ती है और वे पढ़ाई के प्रति और अधिक गंभीर होते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक स्टाफ ने सीडीपीओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान से न सिर्फ उस बच्चे का बल्कि विद्यालय के अन्य सभी बच्चों का मनोबल बढ़ेगा।

## मृतकों के परिवार को मिली सहायता राशि नाकाफी : महेश द्विवेदी

### मलवां सिलेंडर हादसे के पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मलवां कस्बे में सिलेंडर फटने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने परिवार से घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। प्रतिनिधिमंडल ने हादसे में हुए नुकसान की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को देने की बात कही। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि हादसे में पूरा मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पीड़ित परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को दी जा रही दो लाख रुपये की सहायता राशि परिवार को हुए नुकसान की तुलना में पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस की ओर से मांग की गई कि प्रत्येक मृतक के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि हादसे से केवल मुख्य मकान ही प्रभावित नहीं हुआ, बल्कि आसपास के कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में घटना स्थल से जुड़े क्षतिग्रस्त मकानों का भी सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि उन्हें हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए उनके दुख में साथ खड़े रहने की बात कही। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी, मुन्ना कोरी, प्रेम शंकर बाजपेयी, गजेंद्र द्विवेदी, मो. इदरीस और उमेश कुमार मौजूद रहे।

## टीबी-एचआईवी समन्वय मासिक बैठक में जागरूकता अभियान की समीक्षा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार कक्ष में बुधवार को टीबी-एचआईवी समन्वय की मासिक बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूबी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चलाए जा रहे एचआईवी जागरूकता अभियान और टीबी-एचआईवी से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक एचआईवी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत अब तक जिले के 60 विद्यालयों और 15 महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव, सावधानियों और इससे संबंधित आवश्यक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही जिले के पांच विकासखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण आबादी तक एचआईवी से बचाव और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी संदेश पहुंचाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को एचआईवी के प्रति सही जानकारी उपलब्ध कराना और संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया जा रहा है। बैठक में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान पर भी चर्चा हुई। इस दौरान भारत सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और जनकल्याणकारी कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं और सरकार की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों से अब तक संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की और अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से ग्रामीण क्षेत्रों सहित शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता गतिविधियों को निरंतर संचालित करने की बात कही। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक लाल चन्द्र, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत नारायण, काउंसलर अतुल जायसवाल, टीबी-एचआईवी समन्वयक मो. नसीम, मो. फैज, राकेश पीपीएम, भक्तदास सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यटन दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर श्री चंद्रदेव मौर्य इंटर कॉलेज, गाजीपुर रोड में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद, फतेहपुर द्वारा किया गया। इस दौरान पर्यटन विभाग से अनिल कुमार तथा ग्रामीण पर्यटन परीक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## प्रभारी जिला जज, डीएम, एसपी ने किया ज्ञानपुर जेल का निरीक्षण

### सुरक्षा, साफ-सफाई और बंदियों की सुविधाओं का जायजा लिया, अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। प्रभारी जिला जज डॉ. अमित वर्मा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने ज्ञानपुर की जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई, पीने के पानी, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और बंदियों को मिल रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने जेल के अलग–अलग बैरकों और पूरे परिसर का दौरा किया। उन्होंने बंदियों से बात करके उनकी समस्याएं और जरूरतें भी जानीं। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को तय मानकों के हिसाब से भोजन, स्वास्थ्य और जरूरी सुविधाएं दी जाएं। साथ ही, मिली शिकायतों को जल्द से जल्द हल किया जाए। उन्होंने जेल परिसर में साफ–सफाई बनाए रखने, पीने के पानी और मेडिकल सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की ढिलाई न बरतने के भी निर्देश दिए गए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे बंदियों के कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखें।

## भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत चलाया जागरूकता अभियान

### महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा, कानूनी अधिकार और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति फेज–5 के दूसरे चरण में भदोही



पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की देखरेख में यह अभियान बाजारों, सार्वजनिक जगहों, ग्रामीण और शहरी इलाकों में चला।

इस दौरान सैकड़ों महिलाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों और अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। उन्हें 181, 1090, 1098, 112 और 1076 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी बताए गए।

च्च्ब्ब् ऐप से पुलिस सेवाओं का लाभ लेने और साइबर अपराधों (जैसे फिशिंग, फर्जी प्रोफाइल) से बचने की जानकारी भी दी गई। महिलाओं को च्च्ब्ब् एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम और आईटी एक्ट जैसे कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया।


यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए चल रहा है। भदोही पुलिस ने अपील की है कि किसी भी असुरक्षा या अपराध होने पर तुरंत थाने या दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

## सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक सीताराम यादव को दी गई भावभीनी विदाई

हामिद इब्राहिम (पत्रकार)

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कोहंडौर, प्रतापगढ़। कोहंडौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक सीताराम यादव के अधिवर्षता आयु पूरी कर सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें सम्मानपूर्वक




विदाई देते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि किशन सोनी, प्रधान प्रतिनिधि विशाल सिंह सहित अन्य लोगों ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। पुलिसकर्मियों एवं उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर उनके सेवाकाल को याद किया। थाना प्रभारी अनुपम त्रिपाठी ने सीताराम यादव के पुलिस विभाग में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा का पड़ाव है, जबकि इसके बाद जीवन में नई जिम्मेदारियों और अनुभवों के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों और क्षेत्रीय लोगों ने सीताराम यादव के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए और उनके सरल व्यवहार एवं सेवाभाव की सराहना की। समारोह में महेन्द्र पांडेय, सत्य विजय सिंह, सिद्धांत तिवारी, संतोष दुबे, आदर्श पाल, संतोष यादव समेत थाना कोहंडौर का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# भारतीय राजनीति का अंदरूनी भाग कोयले से भी अधिक काला, उस ओर कदम मत बढ़ना दिव्या मित्तल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय/अभय त्रिपाठी)। पूर्व आई.ए.एस. दिव्या मित्तल इस समय सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया के लोग रोज चटकारे लेकर उन्हें कई सीटों से लड़ने की घोषणा कर रहे हैं। ये उड़ंतू लोग जनता को यह नहीं बता रहे हैं कि वे किस पार्टी से लड़ेंगी? उधर दिव्या मित्तल अपना व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों से सुझाव मांग रही हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए? दिव्या मित्तल ने एक कहावत तो अवश्य सुनी होगी कि ष्काजल की कोठरी में कितनों सयानों जाय, कालिख तो लगना ही लगना है।ष संक्षेप में जान लेते हैं कि दिव्या मित्तल हैं कौन? मूल रूप से हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली हैं। उन्होंने आई. आई.टी. दिल्ली से इंजीनियरिंग फिजिक्स में बी.टेक. किया।

इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु से प्रबंधन (एम.बी.ए.) की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्होंने



लंदन में एक डेरिवेटिव्स ट्रेडर के रूप में लाखों पैकेज वाली कॉर्पोरेट नौकरी की। दिव्या मित्तल के पति गगन सिंह ढिल्लों 2011 बैच के इंडियन ट्रेड सर्विस (आई.टी.एस.) के अधिकारी रहे हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में संयुक्त महानिदेशक के रूप में कार्य किया था। उन्होंने मई 2012 में सरकारी सेवा से इस्तीफा दे दिया था, और अगस्त 2025 में दिव्या मित्तल ने इस्तीफा दे दिया राजनीति में दंगल लड़ने के लिए। दिव्या मित्तल ने अभी तक कहा है कि वे जनता की आवाज बनना चाहती हैं, लेकिन मिर्जापुर का उड़ंतू सोशल मीडिया मुर्गी उड़ाने की जगह मुर्गी का अंडा ही उड़ा रहा है और नित्य घोषणा की जा रही है कि दिव्या मित्तल फलां–फलां जगह से चुनाव लड़ेंगी। दिव्या मित्तल यह जान लें कि भारतीय राजनीति का ऊपरी भाग काफी दमकता व चमकता हुआ है, किन्तु उसका भीतरी भाग कोयले से भी अधिक काला है। वहां जाने के बाद दिव्या मित्तल घुटन महसूस करेंगी और घोर पश्चाताप भी करेंगी। राजनीति में आने से पहले दिव्या को उन पढ़ी–लिखी अनुभवी महिलाओं की बातें याद रखनी चाहिए जो कहती हैं कि राजनीति में यदि पद चाहिए तो अस्मत लूटाना ही पड़ेगा।

# ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव टैड ने 26 यूपी बटालियन एनसीसी का दौरा किया

डॉ०रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर, 30 सितंबर। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, लखनऊ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, टैड ने 30 सितंबर 2026 को 26 यूपी बटालियन छब्ब का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बटालियन की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा छब्ब कैडेट्स से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अपने दौरे की शुरुआत में ग्रुप कमांडर ने ै। थ्पतपदह त्दहम, व्मस में छब्ब कैडेट्स द्वारा की जा रही फायरिंग का अवलोकन किया। उन्होंने कैडेट्स की फायरिंग ड्रिल, अनुशासन एवं प्रशिक्षण के प्रति उनके उत्साह को देखा।

इसके बाद ग्रुप कमांडर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कैडेट्स से बातचीत की। उन्होंने कैडेट्स से उनके प्रशिक्षण,एनसीसी में उनके अनुभव तथा विभिन्न गतिविधियों में उनकी भागीदारी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कैडेट्स ने भी उनसे बातचीत की और अपने अनुभव साझा किए।

कैडेट्स को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव,



टैड ने अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और टीम भावना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कैडेट्स को छब्ब के माध्यम से प्राप्त अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने तथा अपने व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

ग्रुप कमांडर के साथ कैडेट्स की बातचीत का माहौल सहज एवं संवादात्मक रहा। उन्होंने कैडेट्स के प्रश्नों और अनुभवों को सुना तथा उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके साथ संवाद से कैडेट्स में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

इसके पश्चात ग्रुप कमांडर 26 यूपी बटालियन एनसीसी मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने गार्ड का निरीक्षण किया तथा बटालियन क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने बटालियन की गतिविधियों एवं प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

दौरे के दौरान कैडेट्स के साथ सीधा संवाद और उनका उत्साहवर्धन कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा रहा। इस अवसर ने कैडेट्स को वरिष्ठ एनसीसी अधिकारी के अनुभवों से सीखने तथा एनसीसी के उद्देश्यों और मूल्यों को और बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्रदान किया।

दौरे के समापन पर ग्रुप कमांडर ने बटालियन द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की तथा कैडेट्स को भविष्य में भी इसी उत्साह एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय चित्रकला एवं पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित

### टॉप-5 प्रतिभागियों का जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन, मेडल व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित हुए बच्चे

प्रतापगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड बाबागंज स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में 30 सितंबर 2026 को ब्लॉक स्तरीय चित्रकला एवं पेंटिंग प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड बाबागंज के विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड के समस्त विद्यालयों में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग कराया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं रचनात्मक चित्र प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टॉप–5 प्रतिभागियों का चयन जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया गया।




चयनित प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित टॉप–5 प्रतिभागी अर्पिता पटेल कम्पोजिट विद्यालय सराय खान देव,मानसी सरोज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,सृष्टि मौर्या पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गजाधरपुर,पायल सरोज उच्च प्राथमिक विद्यालय जयचन्दपुर,शिवानी कम्पोजिट विद्यालय बसवाही प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम जिलाधिकारी प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय के संरक्षकत्व तथा मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा के सह–संरक्षकत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह तथा संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी बाबागंज आशीष मिश्र रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एआरपी बबलू सोनी, राहुल मौर्य, संतोष कुमार एवं बिनोद कुमार का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। इसके अलावा अलका, वर्षा देवी, रत्ना देवी, संजीत सरोज, मिथलेश कुमार, अभय कुमार, सुरजीत कुमार सहित समस्त शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## एसबीआई बाबागंज शाखा पर खाताधारक को दो महीने से दौड़ाने का आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। भारतीय स्टेट बैंक की बाबागंज शाखा में करीब 20 वर्षों से खाताधारक जितेंद्र तिवारी ने खाता संबंधी काम के लिए दो महीने से बैंक के चक्कर लगाने का आरोप लगाया है। जितेंद्र के अनुसार, उनकी आजी के साथ संयुक्त खाते को उनके नाम से सिंगल सेविंग अकाउंट में परिवर्तित कराने के लिए आवेदन और आवश्यक दस्तावेज बैंक में जमा किए जा चुके हैं। उनका सीआईएफ नंबर भी जारी हो चुका है। इसके बावजूद खाता अपडेट करने की प्रक्रिया पूरी नहीं होने का आरोप है। खाताधारक का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों द्वारा समस्या का समाधान करने के बजाय उन्हें दूसरी बैंक में खाता खोलने की सलाह दी गई। उन्होंने बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार तथा मनमाने तरीके से काम करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत कर मामले के समाधान की मांग की है।

## बरेका में अंतर-रेलवे कुश्ती के दूसरे दिन दांव-पेंच का रोमांच, 65, 86 व 125 किग्रा फ्रीस्टाइल में सेमीफाइनल की तस्वीर साफ

### ग्रीको-रोमन के 60, 67, 77 एवं 97 किग्रा भार वर्गों में भी पहलवानों ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के कुश्ती केंद्र में चल रही 67वीं पुरुष अखिल भारतीय अंतर–रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता–2026–27 के दूसरे दिन अखाड़े में दांव–पेंच, शक्ति और तकनीक का जबरदस्त संगम देखने को मिला। विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों ने अपने दमदार प्रदर्शन से मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। एक–एक अंक के लिए पहलवानों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और मुकाबलों के साथ सेमीफाइनल की तस्वीर भी स्पष्ट होती गई।

फ्रीस्टाइल के 65 किग्रा भार वर्ग में वेस्टर्न रेलवे के अजय,



नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के नीरज, नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के उदित तथा मेजबान बरेका के दीपांशु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 86 किग्रा फ्रीस्टाइल में रेलवे कोच फैक्टरी के संजीव, बरेका के सचिन गिरी, वेस्टर्न रेलवे के परमीत तथा नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के सचिन ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई। इसी प्रकार 125 किग्रा फ्रीस्टाइल में नॉर्दर्न रेलवे के अनिरुद्ध, सेंट्रल रेलवे के महेंद्र गाई, वेस्टर्न रेलवे के अमन राठी तथा नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के जोंटी कुमार ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

ग्रीको–रोमन में भी जोरदार मुकाबले

ग्रीको–रोमन वर्ग के मुकाबलों में भी पहलवानों ने शानदार कुश्ती का प्रदर्शन किया। 60 किग्रा भार वर्ग में पूर्वोत्तर रेलवे के मनीष तथा नॉर्दर्न रेलवे के सूरज ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। 67 किग्रा भार वर्ग में नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के विकास, वेस्टर्न रेलवे के सचिन, सेंट्रल रेलवे के विक्रम कुर्द तथा अनिल ने अंतिम चार में प्रवेश किया। 77 किग्रा भार वर्ग में मेजबान बरेका के सागर ठाकरान, ईस्ट सेंट्रल रेलवे के अमित, नॉर्दर्न रेलवे के विकास तथा वेस्टर्न रेलवे के सचिन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल में स्थान बनाया। वहीं 97 किग्रा ग्रीको–रोमन में पूर्वोत्तर रेलवे के वीरेश कुंडु, वेस्टर्न रेलवे के नितेश कुमार, नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के रवि तथा सेंट्रल रेलवे के विनोद गोरे ने अंतिम चार में प्रवेश किया। दूसरे दिन अखाड़े में पहलवानों ने तकनीक, ताकत, फुर्ती और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। कई मुकाबलों में पहलवानों ने आखिरी क्षण तक बढ़त के लिए जोर लगाया, जिससे दर्शकों में भी खासा उत्साह बना रहा। मेजबान बरेका के पहलवानों के मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में रेलवे के कई अनुभवी एवं चर्चित पहलवानों की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता के दौरान राजीव तोमर, संदीप यादव, पप्पू यादव एवं कृपा शंकर बिश्नोई जैसे नामी पहलवानों की उपस्थिति है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मोहम्मद इदरीस अहमद (MOHAMMAD IDRIS AHMAD)पुत्र मोहम्मद अब्दुल रफीक (MOHAMMAD ABDUL RAFIK)है। जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड नंबर ** ** *6566 में मेरा नाम मो० इदरीश अहमद पुत्र मो०अब्दुल रफीक(MOHD. IDRISH AHMAD S/O MOHD. ABDUL RAFIQ) अंकित हो गया है। जो गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम मोहम्मद इदरीस अहमद पुत्र मोहम्मद अब्दुल रफीक (MOHAMMAD IDRIS AHMAD S/O MOHAMMAD ABDUL RAFIK) के नाम से जाना पहचाना जाए।

मोहम्मद इदरीस अहमद
पुत्र मोहम्मद अब्दुल रफीक,
निवासी बारा खास, थाना बारा,तहसील बारा, ब्लॉक जसरा, जिला प्रयागराज (इलाहाबाद) उत्तर प्रदेश

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक
**फिरदौस फातिमा**
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा : केशव प्रसाद

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में बुधवार को बांस से जुड़े समाज के महासम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सपा के लोग चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन इस बार जनता सपा की साइकिल को ऐसा पंचर करेगी कि वह सीधे सैफई में नजर आएगी। केशव मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूती देश के हर गरीब की मजबूती है। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम विश्वेश्वरैया सभागार में हुआ। इसमें धरकार, बसोड़, वेन बंशी और बांसफोड़ समेत बांस के काम से जुड़े समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलन में समाज की आर्थिक–सामाजिक स्थिति और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा हुई। बांस आधारित काम को बढ़ावा देने, बांस की खेती और कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने पर भी बात हुई। समाज के लोगों ने बांस के पारंपरिक काम से जुड़ी समस्याएं रखीं। बांस की कमी और कच्चे माल की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की कई योजनाओं की जानकारी अब लोगों के स्मार्टफोन में उपलब्ध है। लोगों को इन योजनाओं की जानकारी खुद भी लेनी चाहिए और जरूरतमंद लोगों तक भी पहुंचानी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना,



शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, सौभाग्य योजना और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए 90 दिन की मजदूरी भी दी जाती है। डिप्टी सीएम ने कहा कि अगर किसी ब्लॉक या तहसील में सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर गड़बड़ी या भ्रष्टाचार होता है तो लोगों को इसकी शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने पढ़े–लिखे लोगों से अपील की कि वे दूसरे लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें और पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने में मदद करें। केशव मौर्य ने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले छोटे किसानों के परिवारों को खेत से करीब आठ महीने का राशन मिल जाता था। बाकी चार महीने के लिए कर्ज या उधार लेना पड़ता था। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। इससे गरीब परिवारों को भोजन की चिंता से राहत मिली है। उन्होंने प्रयागराज कुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई कर्मचारियों का सम्मान कर स्वच्छता कर्मियों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपने आसपास सफाई रखने और देश को स्वच्छ बनाने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर भी जोर दिया। कहा कि सरकार प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक कई सुविधाएं दे रही है। साथ ही लोगों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ लेकर कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़ने की अपील की। केशव मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, तब तक देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और पात्र लोगों को भी इसकी जानकारी देने की अपील की।

## अखिलेश ने सीएम पर तंज कसते हुए वीडियो जारी किया, बोले– हरे और लाल रंग मिलकर सपा का झंडा बन जाएंगे

लखनऊ, संवाददाता। अखिलेश यादव ने बुधवार को सपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी पर तंज कसते हुए एक वीडियो दिखाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब हरे और लाल रंगे मिलेंगे तो वो सपा का झंडा बन जाएंगे। हरा रंग हरियाणी का और लाल रंग क्रांति का। दोनों मिलकर ये सत्ता बदल देंगे। ये सरकार किसानों के लिए कुछ नहीं कर रही



है। किसानों से सिर्फ वोट लिए जाते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने एक युवा को राज्यसभा भेजा जा है। समाजवादी पार्टी ने उद्योग जगत से जुड़ने के लिए एक उद्योगपति को राज्यसभा भेजा जा है। डॉ राम मनोहर लोहिया खुशहाली की बात करते हैं। सरकार की कोशिश इंवेस्टमेंट आए। जब हम थ्क् को कंपेयर करते हैं, तो समाजवादी पार्टी का मानना है कि उद्योग कैसे लगें यह भी सोच होनी चाहिए। वहीं, अखिलेश यादव ने बृज भूषण शरण सिंह पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें तय करना पड़ेगा, हरा गमछा और लाल गमछा डाल लें। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनावों में वोट चोरी और बेईमानी तो लंबे समय से चल रही है। 2022 के चुनाव में हमने देखा कि समाजवादी पार्टी समर्थकों के बड़ी संख्या में वोट काट दिए गए। अब जब बेईमानी की खबरें अखबारों में छपने लगीं, तब लोगों को समझ में आ रहा है कि वोट चोरी और चुनाव में घोटाला हो रहा है। नोएडा में अभी भी फर्जी वोट बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोट चोरी की जिस तरह से खबरें आ रही हैं, उसका स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट को पश्चिम बंगाल और बिहार में दोबारा चुनाव कराना चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने 2024 में भाजपा को हराया है। 2027 में भाजपा का सफाया कर देंगे। भाजपा पूंजीपतियों के लिए काम करती है और धन्नासेठों की पार्टी है।

## म्योहार गांव में रोशन हुई गलियां, बच्चों की गुहार पर लगी स्ट्रीट लाइट

लखनऊ,संवाददाता। कौशाम्बी म्योहार गांव में अब गलियां रोशनी से जगमगा उठी हैं। बच्चों की पढ़ाई और ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गांव में स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर अधिकारियों ने गांव में प्रकाश व्यवस्था कराने की पहल की।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनकी शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि विकास की रोशनी समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में किसी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## पीएम श्री स्कूलों में विद्यालय, अभिभावक और ग्राम समुदाय मिलकर गढ़ेंगे शिक्षा का नया परिवेश

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों को शिक्षा के साथ जनभागीदारी और सामुदायिक सहभागिता के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रदेश के 1,565 पीएम श्री स्कूलों में नवंबर में 'मेरा गांवदृमेरा विद्यालय' कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जाएगा। 'मेरा गांवदृमेरा विद्यालय' आयोजन के लिए 1,565 पीएम श्री स्कूलों के लिए कुल ध्46.95 लाख की वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है। 'मेरा गांवदृमेरा विद्यालय' कार्यक्रम के माध्यम से पीएम श्री स्कूलों को स्थानीय समुदाय से जोड़ने, अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने और बच्चों की प्रतिभा को मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय, परिवार और ग्राम समुदाय की साझेदारी से तैयार यह पहल बच्चों की शिक्षा को सामाजिक सहयोग से जोड़ते हुए पीएम श्री स्कूलों को स्थानीय स्तर पर सीखने, सहभागिता और विकास के केंद्र के रूप में और भी सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 'मेरा गांवदृमेरा विद्यालय' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय को उसके सामाजिक परिवेश से जोड़ते हुए अभिभावकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों–कर्मचारियों, शिक्षकों और अन्य स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इन्हें एक साझा मंच पर लाकर बच्चों की शिक्षा, नामांकन, ठहराव और सीखने की प्रक्रिया को और अधिक समृद्ध बनाया जाएगा।

# एएनएम कर्मियों का प्रदर्शन जारी, 10 दिन से इको गार्डन में धरना

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ में संविदा और आउटसोर्सिंग पर काम कर रहीं एएनएम कर्मियों का प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। बड़ी संख्या में एएनएम कर्मी इको गार्डन में जुटीं। उन्होंने सरकार पर अनदेखी और शोषण का आरोप लगाया। उनका कहना है कि वे पिछले 10 दिनों से प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि वे कई बार डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन दे चुकी हैं। इसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। एएनएम कर्मियों का कहना है कि उनसे 24 घंटे काम लिया जा रहा है, लेकिन महीने में सिर्फ 12 हजार रुपए वेतन दिया जाता है। इतने कम वेतन में परिवार चलाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि वे अपने अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं और मांगें पूरी होने तक पीछे नहीं हटेंगी। प्रदर्शनकारी




महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो 2027 में इसका असर देखने को मिलेगा। प्रदर्शन कर रही पूनम ने कहा कि हम मात्र 10 हजार रुपए में काम कर रहे हैं। ये समझा जाए कि मुफ्त में काम कर रहे हैं। जो पैसा मिल रहा है वो तो दौड़–भाग और किराए में खर्च हो जाता है। इतने कम पैसों में बच्चों कि पढ़ाई, दवा और त्योहार पर उनकी फरमाइश कुछ भी पूरा नहीं हो पाता है। इतनी कम तनख्वाह होने के बाद भी 4 महीने लेट आती है। हम लोगों ने सोच लिया है कि पीछे हटने वाले नहीं है। अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल हड़ताल करेंगे। हमने ठान लिया है अगर चुनाव से पहले मांग पूरी नहीं हुई तो नोटा दबाएंगे। किसी को भी वोट नहीं देंगे। हमसे दबाव में 24 घंटे काम कराया जाता है। काम कर कर के पागल हो चुके हैं। सरकार को हमारी मजबूरियां नजर नहीं आ रही हैं। सभी संविदा एएनएम कर्मियों को स्थायी किया जाए। समान काम समान वेतन लागू किया जाए। गृह जनपद में तैनाती दी जाए। स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए। एएनएम कर्मियों के शोषण से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए वर्क प्लेस पर विशाखा कमेटी का गठन हो। ईपीएफ अंशदान को नियमित तरीके से सभी कर्मियों के नाम से जमा कराया जाए।

# रीजेंसी हेल्थ लखनऊ ने ड्रग–एल्यूटिंग बैलून से 61 वर्षीय महिला के पुराने हार्ट स्टेंट की

## 95% दोबारा हुई ब्लॉकेज का किया सफल इलाज

लखनऊ,संवाददाता। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय स्वास्थ्य और नियमित कार्डियक फॉलो–अप के महत्व के बीच रीजेंसी हेल्थ लखनऊ में 61 वर्षीय महिला के जटिल हृदय रोग का सफल उपचार किया गया। मरीज के पहले से लगाए गए हार्ट स्टेंट के भीतर लगभग 95: दोबारा ब्लॉकेज विकसित हो गई थी। इस स्थिति को इन–स्टेंट रेस्टेनोसिस कहा जाता है। इसका उपचार ड्रग–एल्यूटिंग बैलून तकनीक से किया गया। मरीज को सीने में दर्द, मामूली शारीरिक गतिविधि पर सांस फूलने और पूरे शरीर में कमजोरी की शिकायत थी। वह पिछले करीब 10 वर्षों से टाइप–2 डायबिटीज और हाइपरटेंशन से पीड़ित थीं। वर्ष 2016 में उनकी परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन की जा चुकी थी। इसके बाद जुलाई 2023 में उनकी लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग और लेफ्ट सर्कमफ्लेक्स कोरोनरीआर्टरीज से संबंधित उपचार किया गया था। रीजेंसी हेल्थ लखनऊ के कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. हर्षित गुप्ता ने कहा, "जिन मरीजों का पहले कोरोनरी इंटरवेंशन हो चुका है, उनमें इन–स्टेंट रेस्टेनोसिस एक जटिल स्थिति हो सकती है। इस मामले में मरीज के लक्षणों और जांच से दो कोरोनरी आर्टरीज में गंभीर बीमारी का पता चला, जिसके लिए अलग–अलग उपचार रणनीति की आवश्यकता थी। लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग की रुकावट के लिए नया स्टेंट लगाया गया, जबकि लेफ्ट सर्कमफ्लेक्स में पहले से मौजूद स्टेंट के भीतर विकसित रेस्टेनोसिस के उपचार के लिए ड्रग–एल्यूटिंग बैलून का इस्तेमाल किया गया। यह मामला इस बात को रेखांकित करता है कि ब्लॉकेज की स्थिति और प्रकृति को समझते हुए उपचार का चयन करने के साथ–साथ विस्तृत जांच और नियमित फॉलो–अप भी महत्वपूर्ण हैं। मरीज की जांच में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और नॉन–एसटी एलिवेशन मायोकार्डियल इन्फार्क्शन के साथ इन–स्टेंट रेस्टेनोसिस की पुष्टि हुई। 16 अप्रैल 2026 को दाहिनी रेडियल आर्टरी के माध्यम से की गई कोरोनरी एंजियोग्राफी में मिड– लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग में लगभग 80: संकुचन और मिड– लेफ्ट सर्कमफ्लेक्स में गंभीर फोकल इन–स्टेंट रेस्टेनोसिस पाया गया। जांच से दोनों प्रमुख कोरोनरी आर्टरीज में महत्वपूर्ण संकुचन का पता चला। इसके अलावा, पहले लगाए गए लेफ्ट सर्कमफ्लेक्स स्टेंट के भीतर भी दोबारा संकुचन हो गया था। स्थिति को देखते हुए कार्डियोलॉजी टीम ने दोनों प्रभावित आर्टरीज के लिए अलग–अलग इंटरवेंशनल उपचार रणनीति अपनाई। मिड– लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग की रुकावट के उपचार के लिए 2.75 × 24 mm एवरमाइन स्टेंट लगाया गया। वहीं, पहले से लगाए गए लेफ्ट सर्कमफ्लेक्स स्टेंट के भीतर विकसित रेस्टेनोसिस के उपचार के लिए 3.0 × 30 mm ड्रग–एल्यूटिंग बैलून का इस्तेमाल किया गया। ड्रग–एल्यूटिंग बैलून तकनीक में बैलून की मदद से संकरी हुई रक्त वाहिका को खोला जाता है और उसी दौरान दवा को प्रभावित हिस्से तक पहुंचाया जाता है। इस प्रक्रिया से प्रभावित हिस्से में दोबारा संकुचन के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर दवा पहुंचाई जाती है।

# राज्यसभा के रण में सपा का बड़ा दांव, रामगोपाल के साथ धनराज नाथवानी ने किया नामांकन

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने अपने पत्ते खोलते हुए अनुभवी संसदीय नेता प्रो. रामगोपाल यादव के साथ उद्योग और खेल प्रशासन से जुड़े धनराज परिमल नाथवानी को मैदान में उतार दिया है। नाथवानी का नाम सामने आते ही राज्यसभा चुनाव की सियासत में नया मोड़ आ गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में दोनों प्रत्याशियों ने बुधवार को विधानसभा परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। अखिलेश यादव नामांकन के दौरान धनराज नाथवानी के साथ नजर आए। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक भी मौजूद रहे। पार्टी ने दोनों नामों की घोषणा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए की। धनराज नाथवानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में ग्रुप प्रेसिडेंट हैं। उनकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह 2010 से रिलायंस समूह से विभिन्न भूमिकाओं में जुड़े हैं और वित्त, लेखा, खरीद, मानव संसाधन, कॉरपोरेट अफेयर्स तथा सुरक्षा सहित कई गैर–तकनीकी विभागों में जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। वह रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड के निदेशक भी हैं। नाथवानी खेल प्रशासन में भी सक्रिय हैं। वह गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह जीसीए के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी प्रोफाइल के अनुसार, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट में भी उनकी भूमिका रही है। वह गुजरात स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष के तौर पर भी काम कर चुके हैं। इसके अलावा, वे द्वारका देवस्थान समिति के उपाध्यक्ष भी हैं।

## संक्षिप्त

### परिवहन आयुक्त का एक्शन, प्रयागराज के यात्री,मालकर अधिकारी सस्पेंड

लखनऊ,संवाददाता। प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत परिवहन मंत्री के निर्देश पर परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने प्रयागराज के यात्री,मालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान को निलम्बित कर दिया है। निलम्बन अवधि में रणवीर सिंह चौहान, कार्यालय परिवहन आयुक्त मुख्यालय से सम्बद्ध रहेंगे।परिवहन आयुक्त ने बताया कि उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र कानपुर ने अवगत कराया कि प्रयागराज के प्रवर्तन दल वाहन में प्राइवेट व्यक्ति नोट गिनता हुआ दिखायी दे रहा है। प्रवर्तन वाहन यात्री,मालकर अधिकारी प्रयागराज का है। प्रवर्तन वाहन में प्राइवेट व्यक्ति कैश गिन रहा है, वहाँ पर यात्री,मालकर अधिकारी तथा प्रवर्तन स्टाफ मौजूद नहीं दिख रहें है, जो कि आपत्तिजनक है। इस कृत्य के लिये रणवीर सिंह चौहान को प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाया गया है। प्राइवेट व्यक्ति के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। पीटीओ द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से अवैध वसूली की जा रही है, जिससे यह परिलक्षित होता है कि श्री चौहान का अपने स्टॉफ पर कोई नियंत्रण नहीं है। श्री चौहान के कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है।

### गोमती नदी में कैब चालक कूदा, सिपाही ने बचाया

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के मदेयगंज में बुधवार तड़के एक कैब चालक गोमती नदी में कूद गया। नया पक्का पुल पर कार खड़ी करने के बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। नदी में छटपटाते और मदद के लिए चिल्लाते चालक को पुलिसकर्मियों ने देखा तो तुरंत नाव से उसका पीछा किया और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच मदेयगंज थाने की पॉलीगन मोबाइल टीम गश्त कर रही थी। नया पक्का पुल पर एक कार खड़ी मिली। पुलिसकर्मियों ने आसपास देखा तो एक युवक गोमती में डूबता नजर आया। पॉलीगन मोबाइल में तैनात सिपाही अवधेश कुमार ने कुड़ियाघाट के पास से नाव ली और खुद नाव चलाकर नदी में पहुंचे। काफी प्रयास के बाद उन्होंने युवक को नाव में बैठाया और सुरक्षित बाहर निकाला। पूछताछ में युवक की पहचान शाश्वत शुक्ला निवासी प्रतापगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शाश्वत ने पुलिस को बताया कि वह ओला–उबर ऐप के जरिए कैब चलाता है। लोन की कई किस्तें समय से जमा नहीं हो सकीं। इसके अलावा कार पर लाखों रुपए के चालान हो गए थे। आर्थिक परेशानी से परेशान होकर उसने आत्महत्या के इरादे से गोमती में छलांग लगा दी थी। पुलिस टीम ने शाश्वत को समझाया–बुझाया और काउंसिलिंग के बाद उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### भाकपा ने भी खोला इलेक्शन कमीशन के खिलाफ मोर्चा

लखनऊ,संवाददाता। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और घटाने का साफ्टवेयर संचालन का कार्य देश में संघ के लोग भी कर रहे थे वह एक गम्भीर अपराध है इसकी जाँच होनी चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बाराबंकी में कहा कि सम्पूर्ण प्रकरण की जिम्मेदारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की है इसलिए उनकी गिरफ्तारी कर लोकतन्त्र को बचाने की पहल करे। पार्टी सचिव वृजमोहन वर्मा ने कहा कि देश में लोकतन्त्र व संविधान का राज है जब कि वास्तव में मतदाता सूची को एसआईआर करके लोकतन्त्र खत्म किया जा रहा है। पार्टी के सह सचिव विनय कुमार सिहं ने कहा कि एसआईआर तुरन्त समाप्त किया जाए। प्रवीण कुमार राज्य परिषद सदस्य ने कहा कि एस आई आर के बाद सारे चुनाव रद्द किये जाय। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि एसआईआरं के पहले की मतदाता सूची के आधार चुनाव कराएं।

### मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर 6 दिसंबर को कारसेवा का ऐलान

लखनऊ,संवाददाता। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा को लेकर योगी सेना (भारत) ने आगामी छह दिसंबर को कारसेवा करने की घोषणा की है। संगठन की ओर से बुधवार को राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित अटल चौक गांधी प्रतिमा पार्क में प्रदर्शन और सभा की गई। इस दौरान मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण और शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर संगठन की मांगें उठाई गईं। संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, योगी सेना (भारत) के उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा के नेतृत्व में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से अटल चौक स्थित गांधी प्रतिमा पार्क तक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्य अतिथि और संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख गौरव वर्मा ने कहा कि मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि यह करोड़ों सनातनियों की आस्था का विषय है। विज्ञप्ति में दावा किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से मामले में न्यायालय में पैरवी किए जाने की मांग की गई है।

### मण्डी समिति धर्मकाँटा कर्मचारी संघ उप्र द्वारा मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया

लखनऊ,संवाददाता। मण्डी समिति धर्मकाँटा कर्मचारी संघ उ० प्र० द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर किसान मंडी भवन लखनऊ में कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया 13–15 वर्षों से लिओ ट्रोनिक कंपनी द्वारा कार्यरत धर्मकांटा आपरेटरों को जेम पोर्टल पर सामिल करने एवं नियूनतम वेतन दिलाये जाने के सम्बन्ध में भावुक हम सभी कर्मचारी पिछले 13–15 वर्षों से राज्य की विभिन्न मंडी समितियों में धर्मकांटा आपरेटरों के रूप में पूरी ईमानदारी से अपनी सेवाए दे रहे है किन्तु अत्यंत दुःख और निराशा का विषय है की इतने लम्बे सेवा काल के बाबजूद नियूनतम वेतन से वंचित है इतने वर्षों की निरंतर सेवा के बाद भी शासन द्वारा निर्धारित नियूनतम वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है जिससे हमारे परिवारों का भरण पोषण व् बच्चों की शिक्षा और बुजुर्गों की इलाज अत्यंत मुश्किल हो गया है। लिओ ट्रोनिक कंपनी द्वारा 2010 से धर्मकाँटों का E trandaring से लिया जा रहा है और कर्मचरिओं को मनमाना वेतन दिया जा रहा है व् कोई भी मुलभुत सुबिधा नहीं दी जा रही है 2019 में जेम पोर्टल की स्थापना हुई लेकिन कंपनी मनमाने तरीके से ठेका लेती रही और आज तक कर्मचरिओं का शोषण करती रही।

# विकास की राह में स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी अहम, मिलकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे योजनाओं का लाभ

**विकास भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय पर हुआ मंथन**



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर : विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह की अध्यक्षता एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय 'सीख एवं अनुभव साझा कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनपद में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के विकास कार्यों, नवाचारों और अनुभवों को साझा करने के साथ ही जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह ने कहा कि सरकारी तंत्र और स्वयंसेवी संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों से ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने गैर-सरकारी संगठनों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित करने की बात कही।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी कि पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने संस्थाओं से अपील की कि वे जमीनी स्तर पर पेंशन योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने 'संकल्प सेवा अभियान' की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संस्थाओं से अपनी गतिविधियों को 'मेरा भारत पोर्टल' पर दर्ज करने का आह्वान किया, जिससे युवाओं और समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।कार्यशाला में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशासन के साथ समन्वय को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम लीडर राकेश शुक्ला, गांधी फेलो सहित लगभग 30 संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 5 किलो एफटीएल सिलेंडर की जबरन बिक्री से नाराज एलपीजी वितरक, डीएम से लगाई कार्रवाई की गुहार



कुशीनगर-: गैस कंपनियों पर (आई) ने जिलाधिकारी से शिकायत 5 किलोग्राम एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपी के लिए दबाव बना रही हैं।एसोसिए दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया किलोग्राम एफटीएल की बिक्री का नहीं है, फिर भी कंपनियों द्वारा वितरकों के ₹35 में बदलाव कर इसकी आपूर्ति जबरन दिखाई जा रही है। इसे एलपीजी आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के प्रावधानों के विपरीत बताया गया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि समझौता पत्र में एचआरजी/एनएफआर, चूल्हा, रबर पाइप, लाइटर, एप्रन, चायपत्ती और पानी आदि की बिक्री का कोई उल्लेख नहीं है, इसके बावजूद इन उत्पादों की बिक्री कर वितरकों के लोड खाते से धनराशि काटी जा रही है।वितरकों ने आरोप लगाया कि 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर के साथ 19 किलोग्राम कमर्शियल सिलेंडर बेचने की बाध्यता भी समझौते में नहीं है, लेकिन कंपनियां प्रत्येक लोड में निर्धारित मात्रा से अधिक माल भेजकर लक्ष्य पूरा करने के नाम पर आर्थिक और मानसिक दबाव बना रही हैं। एसोसिएशन ने कंपनियों द्वारा लागू एमडीजीजी का भी विरोध किया है, जिसके लिए मूल समझौते से अलग हस्ताक्षर कराए गए हैं।वितरकों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर दबाव बंद कराने और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कुशीनगर में सियासत तेज,एआईएमआईएम के पूर्व प्रत्याशी शफी अहमद ने बढ़ाई सक्रियता



**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कसया, कुशीनगर-: उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कुशीनगर विधानसभा-333 में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।ष्ठश्ठ के पूर्व प्रत्याशी शफी अहमद ने क्षेत्र में जनसंपर्क और तैयारियां तेज कर दी है। शफी अहमद 2022 में कुशीनगर सीट सेष्ठश्ठ के प्रत्याशी थे।शफी अहमद ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार वादे पूरे करने के बजाय सिर्फ आश्वासन दे रही है और विकास के नाम पर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पीडीए के नाम पर मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा है।उन्होंने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, रामकोला-कसया मार्ग और टेकुआटार क्षेत्र की सड़कों की बदहाली को लेकर भी सवाल उठाए। कहा कि सड़कों पर गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बना है। एयरपोर्ट से नियमित उड़ानें शुरू न होने को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा।शफी अहमद ने कहा कि 2027 में जनता विकास, सड़क, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय मुद्दों के आधार पर फैसला करेगी। उनकी कोशिश जनता के बीच रहकर जमीनी मुद्दों को मजबूती से उठाने की है।

# समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल ने दस सूत्री मांगों का ज्ञापन अपर जिला अधिकारी को सौंपा

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**



बलरामपुर जिले में अति वृष्टि एवं आंधी तूफान से हुए नुकसान और बाढ़ से बचाव की मांगो से सम्बन्धित दस सूत्री ज्ञापन समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा श्रावस्ती ने अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप केला को सौंपा जिसमें दस समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग किया जो क्रमशः 1 जनपद बलरामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ जगह अभी तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पाई है वहाँ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराया जाए 2.किसानों को धान और गनन की फसल में भारी नुकसान हुआ है क्योंकि धान गिर गए है जो नहीं गिरे है उनके फूल झड़ जाने की वजह पैदावार नहीं होगा और जलमगन हुए धान काफी क्षति ग्रस्त हो गए हैं इसलिए प्रत्येक धान किसान को मुआवजा दिलाया जाए और केला,गनन में नुकसान की जाँच करवाकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए, 3. इस आपदा में मृतकों के परिजनों को मुआवजा, घायलों को निःशुल्क इलाज एवं मुआवजा और मकान क्षतिग्रस्त लोगों को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री आवास दिलाया जाए 4 हरिहरगंज ललिया सड़क पर लौकहवा डिप और झीनन्े नाला डिप पर नाव लगाई जाए और गहराई संकेतक व सुरक्षा बल लगाए जाएं जिससे सुरक्षित आवागमन हो सके और जन हानि न हो। इसके साथ ही जिले में अन्य मार्गों पर भी उचित सुरक्षा प्रबंध किया जाए,5 राप्ती नदी में बढ़ते जलस्तर से प्रभावित ग्रामीणों के लिए सेल्टर हाउस बनाया जाए बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित निकालकर भोजन आवास चिकित्सा आदि के पर्याप्त इंतजाम किया जाए,6 बलरामपुर के उत्तर दिशा में बने सुरक्षा बाँध की मरम्मत की जाए और निगरानी करने हेतु सुरक्षा बल लगाए जाएं, 7 राप्ती नदी कटान रोकवाने हेतु पर्याप्त इंतजाम शीघ्र सुनिश्चित किए जाएं, नदी में समाने वाले जमीन का मुआवजा भी किसानों को दिलाया जाए,8 अर्नव चक्रवात के प्रभाव में गिरे पेड़ों को काटने और उनको बेचने हेतु किसानों को परमीशन,परमिट, लोडिंग आदि से छूट दिया जाए 9,बाढ़ से टूटी सड़कों और पुलों के मरम्मत हेतु आदेशित किया जाए ,10 राप्ती नदी के बाढ़ नियंत्रण हेतु, राप्ती मुख्य नहर में अधिकतम क्षमता अनुसार पानी छोड़ा जाए जिससे राप्ती नदी में जल स्तर नियंत्रित हो और सीमावर्ती क्षेत्रों में बने बांध जलाशय जैसे गिरगिटही बांध,खैरमान बांध, समेत सभी बांध जलाशयों में क्षमता अनुसार जल संग्रह किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए बांध मरम्मत किया जाए और इनसे निकलने वाली नहरों का जल प्रवाह रोका जाए , जिले के सभी जलाशयों पोखरों, तालाबों से जल प्रवाह रोका जाए जिससे नदी में पानी कम आए और बाढ़ नियंत्रण हो सके, साथ में यह भी कहा कि जनहित में आवश्यक हो वे सभी उपाय किए जाएं जो पूर्व में किए जा चुके हों उन्हें नजरंदाज किया जाए इस अवसर पर युगल किशोर शुक्ल के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता गयास अहमद खान, रूपेश कुमार मिश्रा, दीपक तिवारी,देवेन्द्र पाण्डेय, प्रिंस मिश्रा, विनोद कुमार यादव, अकबर जमीर, संजय पाण्डेय, राहुल देव त्रिपाठी, मोहम्मद यासीन, धर्मेंद्र प्रताप जायसवाल, इकराम हुसैन समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# वाह्य न्यायालय बांसी परिसर में स्थित कैंटीन व पान की दुकान की नीलामी 16 अक्टूबर को

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। वाह्य न्यायालय, बांसी परिसर में स्थित कैंटीन एवं पान की दुकान के आवंटन हेतु नीलामी 16 अक्टूबर 2026 को सायं 04:30 बजे से सिविल जज (जू0डि0), वाह्य न्यायालय बांसी के कक्ष में आयोजित की जाएगी। नीलामी समिति के अध्यक्ष एवं अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, वाह्य न्यायालय बांसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जो भी व्यक्ति इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर विशेष।

**लेखक - करन कुमार की कलम से**

**फिर आ जाओ बापू।**

इस धरा ने फिर, तुम्हें याद किया
इस धरा पे फिर से, आ जाओ बापू
प्रेम अहिंसा और बंधुत्व का
फिर से पाठ, पढ़ा जाओ बापू
निज सत्य शांति है के पथ चल
तुमने आजादी ढूंढी है
वो कहते है ये आजादी
अब सत्तर साल की बूढ़ी है
तुम नई ऊर्जा के दम भर के
फिर से जवाँ, बना जाओ बापू
इस धारा ने फिर, तुम्हें याद किया.....
राष्ट्रवाद और स्वाभिमान का,
राह तुम्हीं ने दिखाया है
आत्मनिर्भर भारत बनने को,
चरखा तुम्हीं ने चलाया है
असहयोग का आंदोलन भी,
तुमने यहीं दिखाया है
स्वदेशी के राह पे चल,
अंग्रेजी कपड़े जलाया है
ए भारत के शिल्पकार,
भारत फिर नया, बना जाओ बापू
इस धारा ने फिर, तुम्हें याद किया
.....

लोक आलोक में खो गया है
तंत्र आ गया घुटनों पर
संविधान का हाड़ मांस अब
रेंग रहा है टखनों पर
अराजकता भी चरम पहुंच कर
सिर चढ़ तूती बोल रहा है
सत्ता के सारे हथकंडे
विषधर बन, विष को घोल रहा है
भारत माता सिसक रही है
तुम साँसे, बन जाओ बापू
इस धारा ने फिर, तुम्हें याद किया.....

शिक्षा और नैतिकता का भी
हाल बड़ा, बेहाल हुआ है
रिस्तों की, कसौटी पर भी
मानवता कंगाल हुआ है
भटक रहा है, जन मानस सब
राह नया, दिखा जाओ बापू
इस धारा ने फिर, तुम्हें याद किया.....

# बाढ़ प्रभावितों का दर्द बांटने धरातल पर उतरे कांग्रेस नेता डॉ. नादिर सलाम, प्रशासन से की तत्काल राहत और मुआवजे की मांग

**शोहरतगढ़ के जलमग्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को बंधाया ढांढस, हर संभव मदद का दिया भरोसा**

**विशेष संवाददाता**

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगरः बाढ़ की विभीषिका से जूझ रही जनता के बीच पहुंचकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं शोहरतगढ़ (302) के भावी विधानसभा प्रभारी डॉ. नादिर सलाम ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और जनसरोकार का परिचय दिया। क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा आगे रहने वाले जुझारू नेता डॉ. नादिर सलाम अपनी टीम के साथ खैरी शीतल प्रसाद क्षेत्र के अत्यंत प्रभावित गांवों– करौता, चिरगहना, नकोले डीह और शिव दुलारे डीह सहित विभिन्न बस्तियों में पहुंचे और सीधे धरातल पर उतरकर बाढ़ पीडि़तों की सुध ली।पानी से घिरे गांवों में पहुंचकर डॉ. नादिर सलाम ने बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी व्यथा सुनी। ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि इस संकट की घड़ी में वे पूरी निष्ठा के साथ उनके साथ खड़े हैं और स्थानीय स्तर पर हर जरूरी मदद निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया ताकि किसी भी आपात स्थिति या तात्कालिक आवश्यकता के समय लोग उनसे बिना किसी संकोच के सीधे संपर्क साध सकें।प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि जलभराव वाले इलाकों में सुरक्षित आवागमन, विद्युत आपूर्ति, शुद्ध पेयजल, दूध और अनिवार्य खाद्य सामग्री की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही बाढ़ से बड़े पैमाने पर बर्बाद हुई फसलों का निष्पक्ष और पारदर्शी आकलन कर पीडि़त किसानों को अविलंब उचित मुआवजा दिया जाए।

इस जनसंपर्क व राहत भ्रमण के दौरान शमसुज्जुहा, जमुना यादव, राजकुमार, अब्दुल रहमान, इमरान खान (बीडीसी), सिराज, नीलेश साहनी, शमीम, शादाब सहित अनेक प्रमुख स्थानीय कार्यकर्ता व सहयोगी उपस्थित रहे।

# विगत आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त हुए वृक्षों के परिवहन हेतु स्थानीय स्तर पर शीघ्र जारी होंगे परमिट

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बलरामपुर। विगत दिनों जनपद में आए आंधी-तूफान एवं अतिवृष्टि के कारण विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में जनसामान्य की निजी भूमि एवं खेतों में लगे वृक्ष क्षतिग्रस्त होकर गिर गए है। आवागमन, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं को देखते हुए ऐसे क्षतिग्रस्त एवं गिरे हुए वृक्षों को तत्काल हटाए जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा वन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी, सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग, बलरामपुर तथा प्रभागीय वनाधिकारी, गोण्डा को निर्देशित किया है कि उनके अधीनस्थ संबंधित रेंज अधिकारियों एवं वन कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में तत्परता से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि संबंधित रेंज कार्यालय, तहसील अथवा विकास खंड मुख्यालय/वन विभाग के खंड कार्यालय पर अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर क्षतिग्रस्त एवं गिरे हुए वृक्षों के संबंध में तत्काल आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करें।

प्रचलित वन नियमों, शासनादेशों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार क्षतिग्रस्त वृक्षों से बोटा तैयार करने तथा उनके परिवहन के लिए आवश्यक अनुज्ञा/ट्रांजिट पास निर्गत किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि आंधी-तूफान एवं अतिवृष्टि से गिरे वृक्षों को हटाने तथा उनके परिवहन की प्रक्रिया में जनसामान्य को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए संबंधित रेंज, तहसील एवं विकास खंड स्तर पर ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रभावित लोगों को त्वरित एवं सुगम सुविधा मिल सके।जिलाधिकारी ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसे वृक्षों के पातन की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन गिरे हुए वृक्षों के बोटे तैयार करने एवं उनके परिवहन के लिए नियमानुसार आवश्यक अनुज्ञा/ट्रांजिट पास की आवश्यकता होती है। इसलिए वन विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि तहसील एवं विकास खंड के फील्ड स्तरीय कर्मचारी संबंधित तहसील/विकास खंड अथवा वन विभाग के खंड कार्यालय पर उपस्थित रहकर वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें तथा प्रभावित लोगों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग प्रदान करें।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार का अनावश्यक विलंब न हो तथा आंधी-तूफान एवं अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को स्थानीय स्तर पर ही आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# लालगोपालगंज में वित्तीय अनियमितता संबंधी जनहित याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

**- बिना अनुबंध शुरू कराए गए काम का नहीं होगा भुगतान, राज्य सरकार के जवाब के बाद याचिका निस्तारित।**

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

लालगोपालगंज। नगर पंचायत लालगोपालगंज में वित्तीय अनियमितताओं और निविदा नियमों के उल्लंघन को लेकर दाखिल जनहित याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने सभासद मोहम्मद शोएब की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

अदालत में राज्य सरकार और नगर पंचायत के वकीलों ने स्पष्ट किया कि वार्ड नंबर 15 ईद गाह रोड में ठेकेदार देवी शंकर मिश्र ने बिना किसी वैध अनुबंध के स्थानीय लोगों के अनुरोध पर काम शुरू कराया गया था। मामला संज्ञान में आते ही अधिकारियों ने कार्य रुकवा दिया। साथ ही ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। मामले में सरकार की ओर से हाईकोर्ट को आश्वस्त किया गया कि बिना निविदा प्रक्रिया के किए गए इस कार्य का न तो कोई भुगतान किया गया है, और न ही भविष्य में किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त याचिकाकर्ता ने ई-रिक्शा खरीद, कंबल वितरण, गौशाला रखरखाव एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़े अन्य आरोपों को न्यायालय ने सामान्य प्रकृति का पाया। प्रशासनिक अधिकारियों और तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई जांच में ये सभी आरोप निराधार साबित हुए। हाईकोर्ट ने माना कि मामले में आगे किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है और याचिका को अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया।

# सेवा सेतु अभियान में 239 पंजीकरण, 123 नए लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम परिसर में बुधवार से सेवा सेतु अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 6 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

एमएलसी रामतीर्थ सिंघल के निर्देशों के क्रम में आयोजित शिविर में नगर निगम के गृहकर विभाग के साथ जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, जिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग विभाग तथा जिला पूर्ति विभाग द्वारा अलग-अलग शिविर लगाए गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी देने के साथ पात्र लोगों का पंजीकरण किया गया। पहले दिन कुल 239 पंजीकरण हुए, जबकि 123 लोग नए लाभार्थी के रूप में जुड़े।

इस अवसर पर महापौर बिहारीलाल मौर्य, विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल, भाजपा उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, पार्षद संयोजक नरेंद्र नामदेव, नगर आयुक्त अनन सुदन, अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता, अपर नगर आयुक्त राहुल कुमार यादव सहित नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है।



## सार्वजनिक सूचना

मैं अब्दुल कलाम खाँ पुत्र जमील अहमद ग्राम तुरकौलिया थाना पचपेड़वा, तहसील तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर का निवासी हूँ।मैं अपने पुत्र मोहम्मद शादाब रज़ा के आचरण एवं व्यवहार से अत्यंत दुखी एवं परेशान हूँ और अब मैं अपने पुत्र मोहम्मद शादाब रज़ा से पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध समाप्त करने की घोषणा करता हूँ।मैं अपने पुत्र मोहम्मद शादाब रज़ा को अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ तथा भविष्य में उसके द्वारा किये जाने वाले किसी भी अनाधिकृत दावे अथवा हस्तक्षेप का विरोध करता हूँ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

## औरैया से फफूंद लौटते समय शेरपुर सरैया के पास हुआ हादसा, कानपुर ले जाते समय तोड़ा दम

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। फफूंद कस्बा के मोहल्ला चमनगंज निवासी 73 वर्षीय नाथू राम पोरवाल की सोमवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। वह बाइक से औरैया से फफूंद लौट रहे थे। शेरपुर सरैया और देवरपुर के बीच पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुत्र मोनू पोरवाल सहित परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घायल नाथू राम को उपचार के लिए चिचौली अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें कानपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नाथूराम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं नगर में भी शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार किया। इसमें नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए और दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अलग अलग घटनाओं में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत से परिवार में मचा कोहराम

## एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए एक बच्चा तलाश जारी

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के देईपुर गांव में ट्रकों की मोरंग धुलाई के लिए खोदे गए 5 फीट गहरे गड्ढे में डूब कर नहाने गए दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। एसडीएम व सीओ समेत पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, वहीं राजाराम नगरिया में भी एक 13 वर्षीय बच्चे के नाले में डूबने की आशंका है।वहीं पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम देईपुर निवासी 8 वर्षीय कृष्णा पुत्र अनिल कुमार व 9 वर्षीय आर्यन पुत्र राजीव कुमार मंगलवार को अपने घर से छिबरामऊ रोड की तरफ गए और वहां पर स्थित ट्रकों की मोरंग धुलाई के लिए खोदे गए गड्ढे में नहाने का प्रयास करने लगे तभी दोनों की गड्ढे में डूब कर मौत हो गई। तलाश किए जाने पर दोनों बच्चों के कपड़े गड्ढे के पास पड़े मिलने पर उनके डूबने की आशंका हुई जिस पर उनकी तलाश की गई और दोनों को गड्ढे से बाहर निकाल कर आनन फानन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने देखते ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक बच्चों के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी बिधूना कमल कुमार सिंह व सीओ बिधूना पी पुनीत मिश्रा थाना प्रभारी ऐरवाकटरा तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह राजाराम नगरिया गांव में भी एक लगभग 13 वर्षीय हरि नाम के बच्चे के नाले में डूबने की आशंका से उसकी तलाश समाचार लिखे जाने तक की जा रही थी।

# बंद कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बनारसीदास निवासी एक युवक का शव घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला बनारसीदास निवासी विशाल सागर (24) पुत्र स्व. अरुण कुमार ने घर के अंदर कमरे में दीवार पर लगी खूंटी से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जानकारी होने पर मृतक के भाई सत्यम ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। बताया कि उसके सगे भाई विशाल सागर ने बंद कमरे में दीवार में लगी खूंटी से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी निझाई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, परिजनों ने बताया कि विशाल पिछले कुछ समय से डिप्रेशन और नशे की स्थिति में रहता था। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# ट्रक को पीछे करा रहे चालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र में देर रात ट्रक बैक करा रहे दूसरे चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी चालक ने उसे तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिरुहूली गांव में ओवरब्रिज के पास हाईवे पर ट्रक चालक नवाबगंज निवासी राजेश पुत्र सत्यपाल ट्रक को मोड़ रहा था, वहीं दूसरा साथी चालक मीरापुर जिला फर्रूखाबाद निवासी शिवलाल पुत्र सुरेश सिंह ट्रक को बैक करवा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने शिवलाल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी चालक राजेश ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कागजी कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। पुलिस मृतक के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है।

# लगातार हो रही बारिश से कच्ची दीवार गिरी, मलबे में एक महिला व दो लड़कियां दबकर घायल,रेफर

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश से ग्राम बिरूहूनी में एक कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे की चपेट में आने से एक महिला व दो लड़कियां घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी होने पर आस पास के लोगों ने पहुंचकर बड़ी मुश्किल से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला और तीनों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया।

ग्राम बिरूहनी निवासी शफीक खां पुत्र करामत खां के घर की कच्ची दीवार लगातार बारिश के चलते अचानक से ढह गई। मलबे की चपेट में आने से बबली (30) पतने स्पाक खां, गुलाबसा (25) पुत्री इकबाल खां और सानिया (13) पुत्री शफीक खां घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को मलबे से बाहर निकाला और घटना की सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने तीनों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज चिचैली रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घायलों को तत्काल सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात कारणों से घर में लगी आग से टीवी की पिक्चर ट्यूब में हुआ धमाका से लाखों का सामान जलकर राख

## मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। थाना दिबियापुर कस्बे की दुर्गा टॉकीज गली में मंगलवार दोपहर विनोद पोरवाल के घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी जबरदस्त थी कि कमरे में रखी टीवी की पिक्चर ट्यूब तेज आवाज के साथ फट गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में हलचल मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और एनटीपीसी और गेल के फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान घटना स्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों को गली संकरी होने के कारण आग बुझाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी कोशिश के बाद उन्होंने आग पर काबू पाया और आग को दूसरे मकानों तक फैलने से रोका। आग लगने से घर में रखा लाखों का सामान जल गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया। आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### हैदराबाद में गुजरात हस्तकला उत्सव 2026 का शुभारंभ

# 10 दिवसीय उत्सव में 100 से अधिक मास्टर कारीगर ले रहे भाग, पहले चार दिनों में 84 लाख रुपये की बिक्री

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज/हैदराबाद। शिल्परामम, माधापुर में गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन कॉटेज (इंडेक्स-सी) द्वारा आयोजित 'गुजरात हस्तकला उत्सव 2026' का शुभारंभ हुआ। यह हस्तकला उत्सव 25 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। दस दिवसीय प्रदर्शनी-सह-बिक्री आयोजन में गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों से 100 से अधिक मास्टर कारीगर हिस्सा ले रहे हैं। प्रदर्शनी में बांधनी, पारंपरिक चनिया चोली, जरी-जरदोजी, गुजराती मिरर वर्क, एप्लिक वर्क, लेदर क्राफ्ट, बीडवर्क ज्वेलरी, अकीक पत्थर की कलात्मक वस्तुएं, लकड़ी एवं धातु शिल्प, बांस-केन तथा जूट-कोयर उत्पाद और होम डेकोर सहित विभिन्न पारंपरिक हस्तकलाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है। उत्सव के दौरान पुरस्कार विजेता कारीगरों तथा विलुप्त होती पारंपरिक कलाओं से जुड़े कलाकारों द्वारा लाइव क्राफ्ट डेमोन्स्ट्रेशन भी किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतिदिन शाम 5 से रात 8 बजे तक 'कच्छी घोड़ी' नृत्य और कठपुतली शो सहित विभिन्न गुजराती लोक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार उत्सव का उद्घाटन 25 सितंबर को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की आयुक्त (हस्तशिल्प) श्रीमती अमृत राज ने किया। इस अवसर पर शिल्परामम आर्ट्स, क्राफ्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के विशेष अधिकारी जी. किशन राव, आईएएस (सेवानिवृत्त) सहित हैदराबाद प्रशासन, इंडेक्स-सी गुजरात और शिल्परामम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आयोजकों ने बताया कि नवरात्रि के अवसर को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस उत्सव को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उत्सव के शुरुआती चार दिनों में ही 84 लाख रुपये की हस्तकला वस्तुओं की बिक्री दर्ज की गई। इंडेक्स-सी के अध्यक्ष तथा गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव एवं आयुक्त मोहम्मद शाहिद, आईएएस के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। इंडेक्स-सी के कार्यकारी निदेशक डॉ. संजय जोशी, आईएएस ने कला प्रेमियों एवं नागरिकों से उत्सव में पहुंचकर गुजरात की समृद्ध हस्तकला परंपरा का अनुभव करने तथा ग्रामीण कारीगरों से सीधे हस्तकला उत्पाद खरीदकर उनका सहयोग करने की अपील की है।

**आयोजनः** गुजरात हस्तकला उत्सव 2026
**अवधिः** 25 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026
**समयः** सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक
**सांस्कृतिक कार्यक्रमः** शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक
**स्थानः** शिल्परामम, माधापुर, हैदराबाद
**प्रवेशः** सभी के लिए निःशुल्क।

# बैठक में बनी विजय परचम लहराने की रणनीति 5 अक्टूबर को होगा नामांकन

## इलाहाबाद झांसी स्नातक क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर का हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन

प्रातः काल एक्सप्रेस




प्रयागराज। बुधवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में इलाहाबाद झांसी सनतक क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर का भव्य स्वागत अभिनंदन हुआ। इसके बाद इलाहाबाद झांसी सनतक क्षेत्र चुनाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव पूरी मजबूती से लड़ना है।

जिलों के जिला प्रभारी, जिला संयोजक, विधानसभा संयोजक दो दिन के अंदर अपने जिला व विधानसभा स्तर पर पोलिंग इंचार्जों के साथ बैठक कर ई पर्ची मतदाताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एवं दूर वाले मतदाता पोलिंग बूथ तक कैसे आयेंगे इसकी भी चिंता करें। कमर कस लें। मतदाताओं से संपर्क संवाद में ढिलाई न बरते। मंडल अध्यक्षों को भी अपने अपने मंडल में पूरी निष्ठा व ताकत से लगना है। 5 अक्टूबर को होने वाले नामांकन को भव्य बनाने को लेकर कार्यकर्ता अभी से पूरी तैयारी कर लें। इलाहाबाद झांसी सनतक क्षेत्र चुनाव के संयोजक अशोक राजपूत ने कहा कि संगठन का निणय्य सवीपरि है। हम जीत का परचम लहराएंगे ये पूरा विश्वास है।

पार्टी कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ सनतक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव लड़ेंगे। बैठक का संचालन काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं इलाहाबाद झांसी सनतक क्षेत्र चुनाव के सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने किया। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, कौशाम्बी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, प्रयागराज महानगर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, यमुनापार प्रभारी अशोक मिश्रा, गंगापार प्रभारी अनिल सिंह सहित चारों जिलों के जिला व विधानसभा संयोजक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्रय कमेटी की बैठक सम्पन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । विंध्य पूर्वांचल स्पर एक्सप्रेस वे निर्माण हेतु क्रय कमेटी की बैठक जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में तहसील चुनार के प्रभावित 36 ग्रामों की बैठक तहसील चुनार सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक ग्रामों के प्रभावित काश्तकारों से दर निर्धारण के संबंध में वार्ता की गई। जिसमें काश्तकारों को अवगत कराया गया कि मुआवजा सर्किल दर का चार गुना दिया जाएगा। भूमि प्रकृति के अनुसार और उस पर स्थित संरचना/भवनों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। अंत में काश्तकारों से चार गुना दर पर देने में सहमति व्यक्त की गई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह, तहसीलदार चुनार, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड-2, अधिशासी अभियंता चुनार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीडीए जन संवाद में शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने कसी कमर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । शिक्षक एवं सनतक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने चुनार विधानसभा क्षेत्र के सीखड़ के मगरहां व नरायनपुर में बैठक कर चुनावी रणनीति की तैयारी शुरू कर दी। बुधवार को सेक्टर, जोन व बूथ प्रभारियों की संयुक्त बैठक में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से शिक्षक एवं सनतक मतदाताओं से संपर्क करने का निर्देश दिया और कहा कि यह चुनाव विधानसभा चुनाव का सेमी फाइनल है। शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी लाल बिहारी सिंह यादव और सनतक एमएलसी प्रत्याशी आशुतोष सिंहा के समर्थन में अभी से जुट जाएं। उन्होने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव बाबा साहब के संविधान बचाने का है, दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक के साथ भाजपा सरकार भेदभाव कर रही है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर हल कराना होगा। इससे पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष का सीखड़, चुनार, जमुई में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने फूल मालाओ से लादकर जोर स्वागत भी किया।बैंक की अध्यक्षता चुनार विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। बैंक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, रामराज पटेल, अभय यादव, डा0 सुनील सिंह पटेल, सुभाष पटेल, गिरधारी पटेल, परवीन बानो, वन्दना पटेल, जैन कुशवाहा, सूर्यकान्त सिंह, महिपाल सिंह, शोले बियार, दिनेश यादव, विजय सिंह पटेल, श्याम सिंह यादव, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, शिवपूजन यादव, लवकुश यादव, राजेन्द्र यादव, वन्दना गुप्ता, श्यामसुन्दर सोनकर, पियूष यादव, कान्धा यादव, नसीम खान, हीरा पटेल, मंजीत यादव, कल्लू खान आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# जूनियर स्पोर्ट्स डे में नन्हे खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कानपुर। सेंट थॉमस स्कूल, किदवई नगर में बुधवार को नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के लिए जूनियर स्पोर्ट्स डे का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा पांच के विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत रचनात्मक सभा से हुई। इसमें राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के साथ खेल, फिटनेस और खेल भावना पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद मैक्सी सर ने एकल गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया।

ध्वजारोहण के बाद शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जूनियर हेड ब्वॉय और हेड गर्ल ने ईमानदारी, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की शपथ ली। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की तालियों के बीच स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में टावर बिल्डिंग रेस, टर्टल रेस, हनी-बनी रेस, गेटिंग रेडी फॉर द स्कूल रेस और हूपला रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं कराई गईं। बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतिभाग किया। उनकी प्रस्तुतियों और उत्साह से विद्यालय परिसर में खेलमय माहौल बना रहा। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम ने बच्चों में फिटनेस, टीम भावना, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया।



# नवरात्रि विसर्जन को लेकर नगर विधायक रवि शर्मा ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण

## झाँसी नगर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त करने, नालियों की सफाई एवं विद्युत तारों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी। नवरात्रि पर्व पर खटकयाना में विराजमान होने वाली माता काली जी के विशाल आयोजन एवं विसर्जन के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों से निकलने वाली माता दुर्गा की प्रतिमाओं में सम्मिलित होने वाले हजारों श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आज दिनांक 30 सितम्बर को नगर विधायक रवि शर्मा ने नगर निगम, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिनन्-मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर विधायक रवि शर्मा एवं नगर आयुक्त अनन सूदन, अपर नगर आयुक्त राहुल यादव, संयुक्त नगर आयुक्त गौरव कुमार, अभियंता, विद्युत विभाग के संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी



मुख्य अभियंता राजवीर सिंह, अधिशासी अभियंता श्रीमती नीना सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी विनीत कुमार, अतिक्रमण दस्ता, जल निगम एवं जल संस्थान के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित सभी लोग गंधीगर के टपरा पर एकत्रित हुए। इसके पश्चात खटकयाना, मानिक चौक, मालिनों का चौराहा, सिंधी चौराहा सहित प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नगर विधायक रवि शर्मा ने विसर्जन के दौरान एकत्रित होने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त कराने, नालियों की साफ-सफाई कराने, नीचे लटक रहे विद्युत तारों को दुरुस्त कराने तथा सड़कों पर हो रहे लीकेज की तत्काल मरम्मत कराने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर चर्चा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवरात्रि एवं विसर्जन कार्यक्रम से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं एवं प्रतिमा विसर्जन में शामिल होने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान स्थानीय सभासद मुकेश सोनी बंटी, संजीव गुप्ता, सत्येन्द्र पुरी, गोकुल दुबे, संतोष खटीक, आदर्श राय, सौरभ वाजपेयीडएवं जय मां काली उत्सव समिति मेवातीपुरा खटीक समाज के महासचिव संजय छत्रसाल, अध्यक्ष सोनू खटीक, कोषाध्यक्ष बल्लू बगवार, नंदराम, गेंदालाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प अभियान में युवाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से नपाध्यक्ष ने किया संवाद

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने स्वगीय काशीराम इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित नुक्कड़ सभा में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को कैरियर, शिक्षा के अवसरों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए नई तकनीक सीखने और निरंतर ज्ञान अर्जित करने के संवाद किया।उन्होंने कहा कि अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप इस बदलते हुए समय में नई तकनीकों को सीखना चाहिए।क्योंकि आज का जागरूक और तकनीक से सक्षम युवा ही विकसित भारत में अहम भूमिका निभाकर उसकी मजबूत नींव बन सकता है।वहीं चेतगंज वार्ड में आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नपाध्यक्ष ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बाल पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।आंगनबाड़ी बहनें मातृशक्ति, बाल पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में समाज की आधारशिला है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर नितिन विश्वकर्मा,कृष्ण कुमार सिंह,सभासद विजय प्रजापति,रुपेश यादव,गोपाल अग्रवाल,सुमन यादव,राहुल चंद्र जैन,पुनीत मिश्रा,दीपा ऊमर,मनीष द्विवेदी अन्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्रय कमेटी की बै'क सम्पन्न

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर । विंध्य पूर्वांचल स्पर एक्सप्रेस वे निर्माण हेतु क्रय कमेटी की बै'क जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में तहसील चुनार के प्रभावित 36 ग्रामों की बै'क तहसील चुनार सभा कक्ष में आयोजित की गई। बै'क में प्रत्येक ग्रामों के प्रभावित काश्तकारों से दर निर्धारण के संबंध में वार्ता की गई। जिसमें काश्तकारों को अवगत कराया गया कि मुआवजा सर्किल दर का चार गुना दिया जाएगा। भूमि प्रकृति के अनुसार और उस पर स्थित संरचना/भवनों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। अंत में काश्तकारों से चार गुना दर पर देने में सहमति व्यक्त की गई। बै'क में नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह, तहसीलदार चुनार, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड-2, अधिशासी अभियंता चुनार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इण्डिए सर्वेक्षण को लेकर विन्ध्याचल मण्डल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर । अर्थ एवं संख्या, प्रभाग उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में कार्यालय उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या), विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में सर्वेक्षण का पुनर्बीधात्मक सर्वेक्षण सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण गोष्ठी में एन0एस0एस0ओ0, भारत सरकार के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी धर्मपाल सिंह एवं भरत प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सर्वेक्षण में कवर किये जाने हेतु मुख्य बिन्दुओं यथा परिवार के सदस्यों की सामान्य शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आर्थिक क्रियाकलाप, कार्य के लिए उपलब्धता तथा बेरोजगारी के बिन्दुओं पर व्यापक रूप से चर्चा की गयी।इस प्रशिक्षण गोष्ठी में राम नरायन यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी, विन्ध्याचल मण्डल, जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के अर्थ एवं संख्याधिकारी क्रमशः बाबूलाल, बदन प्रसाद मौर्य, राजेश कुमार तथा अनिल कुमार सिंह एवं सर्वेक्षण कार्य से सम्बन्धित जनपदों के सहायक सांख्यिकीय अधिकारी व अपर सांख्यिकीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## प्राथमिक विद्यालय लहुरियादह के उच्चीकरण को मिली स्वीकृति, 25.58 लाख का बजट जारी - निर्माण कार्य प्रारंभ

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय लहुरियादह के उच्चीकरण हेतु वर्ष 2024-25 में प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति वर्ष 2025-26 में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा प्रदान करते हुए रू. 25.58 लाख का धन आवंटन किया गया है।उपजिलाधिकारी लालगंज द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निर्माण हेतु आराजी नं. 1116 ग रकबा 0.169 हे. भूमि उपलब्ध करायी गई है तथा विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में रू. 25.58 लाख हस्तांतरित किया जा चुका है तथा विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जा रहा है।

## जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का किया निरीक्षण

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर । जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी सहायक अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर व शिफ्टवार कार्मिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, मीरजापुर में कुल 87 संवासी किशोर आवासित पाए गए, जिसमें जनपद मीरजापुर के 46, सोनभद्र के 21 व भदोही के 19, अन्य जनपद के 01 किशोर आवासित हैं। संस्था में साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी पाई गई।संस्था में आवासित किशोरों को कक्षा-05 से 08 व 09 से 12 तक बेसिक शिक्षा विभाग व माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध शिक्षक द्वारा पढ़ाया जा रहा था। किशोरों के भोजन के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी सहायक अधीक्षक द्वारा बताया गया कि किशोरों को निर्धारित मेनू के अनुसार नाश्ता, भोजन दिया जाता है।निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी सहायक अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि संस्था में आवासित किशोरों को नियमानुसार सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही किशोरों का नियमित रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने, परामर्श सुविधा प्रदान किए जाने व जिन प्रकरणों में किशोरों की पैरवी में अधिवक्ता न हो, तो उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार द्वितीय, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड विजय शंकर गौतम व मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर उपस्थित रहे।

## श्री साई परिवार ने लगाया रक्तदान शिविर, युवाओं ने किया महादान

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत चलाए जा रहे ब्लड डोनेशन ड्राइव के क्रम में बुधवार, 30 सितंबर को श्री साईं परिवार सेवा संग'न द्वारा मंडलीय जिला अस्पताल में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गयराष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस शिविर में युवाओं और संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शुभम कुमार गुप्ता ने की, जबकि कुशल संचालन अमित गुप्ता द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के काशी प्रांत के क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी ने शिरकत की। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शुभम गुप्ता और ब्लड बैंक के पीआरओ राम कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। रक्तदाताओं के भारी उत्साह को देखकर मुख्य अतिथि विद्याधर तिवारी ने श्री साईं परिवार सेवा संग'न की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रक्तदान से पूर्व डॉ. विनोद कनोजिया द्वारा सभी रक्तदाताओं का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सफल रक्तदान के पश्चात मुख्य अतिथि के हाथों सभी 'रक्तवीर योद्धाओं' को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर में भाजपा नेता आकाश पटेल, अजीत गुप्ता और अतुल गुप्ता , पॉलिटेकिन्क कॉलेज से कैप्टन 101 बटालियन ण्णघनश्याम सिंह,नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी आदित्य तिवारी उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस पुनीत कार्य में संस्था के सदस्य अनिल जायसवाल, अश्वनी पंडा, प्रदीप गुप्ता, पीयूष तिवारी, गौरव, ज्योति गुप्ता, रक्षा उमर, विशिष्ट पाण्डेय, अजय उपाध्याय और अतुल गुप्ता सहित कई लोगों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। रक्तदान करने वाले , हिमांशु यादव,राजा बाबू,अंकित,उत्कर्ष,अमन जायसवाल,दुर्गेश चौरसिया,विष्णु चौहान आदि लोगों ने सहभागिता किया।

## सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर में कर्मचारियों को किया सम्मानित

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर। नगर पालिका परिषद मीरजापुर के प्रधान कार्यालय स्थित शिवाजी हॉल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने सफाई कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण, पीपीई किट सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। बता दे पूरे देश में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया,दिल्ली में आयोजित हुए इस कार्यक्रम का नगर निकायों में वर्चुअल प्रसारण किया गया,जिसे शिवाजी हॉल में प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को दिखाया गया।नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने इस मौके कहा कि सफाई कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य,सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को सुनिश्चित करने के साथ उनके महत्वपूर्ण योगदान और सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और उनके बेहतर कार्य के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ सुरक्षा उपकरण एवं पीपीई किट वितरण किया गया है।इस मौके पर मिर्जापुर रोटरी क्लब गौरव के अध्यक्ष जसविंदर सिंह सरना एवं सचिव अर्जुन मल्होत्रा,अमित आहूजा,आशीष मेहरोत्रा,आनंद कुमार सिंह,जितेंद्र श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी जी लाल,मुख्य सफाई निरक्षक मनोज से',कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेटियां परिवार की इज्जत और अल्लाह की नेमत : उलेमा

## जश्ने गौसुलवरा फैजाने सरकार बांसा कॉन्फ्रेंस में बेटियों के अधिकारों पर हुआ मंथन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। महाराज सिंह नगर, पुलिया नंबर-9 स्थित मदरसा अल-जामियातुल रज्जाकिया सोसायटी, आस्ताना-ए-सरकार बांसा अपिया हुजूर में बुधवार को जश्ने-गौसुलवरा फैजाने सरकार बांसा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खानकाह-ए-सरकार बांसा, जिला बाराबंकी के सज्जादानशीन मोहम्मद उमर जीलानी ने की, जबकि सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी की निगरानी में कार्यक्रम संपनन् हुआ। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत फज्र की नमाज के बाद कुरआनख्वानी से हुई। दोपहर दो बजे हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी गौसे पाक की फातिहा पढ़ी गई। इसके बाद लंगर वितरित किया गया। इस दौरान मुल्क में अमन-ओ-अमान, आपसी भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई।कॉन्फ्रेंस में उलेमा और वक्ताओं ने इस्लाम में महिलाओं और बेटियों के अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटियां परिवार की इज्जत और अल्लाह की नेमत हैं। उनकी अच्छी परवरिश, शिक्षा, सम्मान और जायज अधिकारों की हिफाजत करना परिवार की अहम जिम्मेदारी है। बेटियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।वक्ताओं ने कहा कि गौसे आजम हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी रहमतुल्लाह अलैह की शिक्षाएं इंसान को नेक आचरण, बेहतर व्यवहार और अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने की सीख देती हैं। परिवार के प्रत्येक सदस्य के साथ सम्मान और अच्छे व्यवहार से समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा मजबूत होता है।कॉन्फ्रेंस के दौरान मदरसे में तालीम हासिल कर कुरआन-ए-करीम हिफ्ज करने वाले छात्रों को हाफिज की डिग्री देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उलेमा और उपस्थित लोगों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआ की।कार्यक्रम में सूफी तहसीन अहमद, शहादत हुसैन इलाहाबादी, मौलाना तौहीद आलम, मौलाना मोहम्मद इमरान, मौलाना मुफ्ती अहमद राजा, कारी मोहम्मद जमील, शहर काजी मौलाना हाशिम सहित अन्य उलेमा मौजूद रहे। इस अवसर पर सैय्यद बशारत अली, अब्दुल रहमान, आरिफ खान, हाजी नईम कुरैशी, चौधरी खुर्शीद, शब्बीर कुरैशी, हाजी इनायत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कारी आदिल जमील और कारी अजहर ने किया। अंत में आयोजक सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी ने सभी अतिथियों, उलेमा और अकीदतमंदों का आभार व्यक्त किया।

## जनभागीदारी से आगे बढ़ेगा स्वच्छ भारत का संकल्प : राजीव पारीछा

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत बुधवार को कैंट प्राइमरी स्कूल, जखीरा कम्पाउंड, छावनी परिषद झांसी में स्वच्छता मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता मित्रों एवं सफाई कमिन्यों के योगदान को सम्मानित करना तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बबीना राजीव सिंह पारीछा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। स्वच्छता मित्र प्रतिदिन अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके श्रम, समर्पण और सेवाभाव का सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाना सभी का दायित्व है। स्वच्छता को केवल किसी अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन की आदत और जिम्मेदारी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक राजीव सिंह पारीछा ने स्वच्छता मित्रों एवं सफाई कमिन्यों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता कमिन्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस दौरान छावनी परिषद झांसी के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र, सफाई कर्मचारी तथा अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से 'स्वच्छता में सहभाग–स्वच्छ भारत, विकसित भारत' का संदेश दिया गया।

# राय महासभा के शपथ ग्रहण समारोह में गूंजा एकजुटता का संदेश

## राय महासभा, महिला एवं युवा महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। राय महासभा, राय महिला महासभा एवं युवा महासभा का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय विवाह घर में संपनन् हुआ। समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने पद एवं दायित्वों की शपथ ग्रहण कर समाज के हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।



समारोह में मुख्य अतिथि भोपाल की महापौर मालती राय एवं राय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र राय रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में दमोह नगर पालिका अध्यक्ष मंझू राय, भांडेर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता राय, कलचुरी कलार महासभा ग्वालियर के अध्यक्ष सुरेश शिवहरे तथा महासचिव रघुवीर राय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर करन राय को राय महासभा का युवा जिला अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने शुभकामनाएं देते हुए संग'न को मजबूत करने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

समारोह में श्रीमती सुमन राय, संरक्षक भाजपा सर्वसमाज महासभा, बी.एल. राय, डीन जे.एन. सिटी भोपाल, संजय राय, जिलाध्यक्ष राय समाज दमोह, चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रधान संपादक दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस, सोम साहू, प्रधान संपादक शिवहरे वाणी आगरा तथा वरिष्ठ समाजसेवी धर्मवीर राय सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन मौजूद रहे।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक रामस्वरूप राय 'कक्का' एवं श्रीराम राय 'पूर्व पार्षद' रहे। जिला अध्यक्ष राजकुमार राय 'मेहंदी बाग', जिला महासचिव एडवोकेट रामेश्वर राय, जिला सचिव राजकुमार राय 'राजू' एवं जिला कोषाध्यक्ष मनीराम राय 'मनी' सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान समाज की एकता, संग'नात्मक मजबूती एवं सामाजिक उत्थान को लेकर विचार रखे गए। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी सहयोग, एकजुटता और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया।

# मिनी कुम्भ में आए देश भर के मल्लखम्ब खिलाड़ियों को वितरित किया गया युग साहित्य

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी। अभिनन्दन ग्रन्थ समिति झाँसी (उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में आयोजित 'विचार क्रांति अभियान' के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत के मिनी कुम्भ (मल्लखम्ब प्रतियोगिता) में भाग लेने आए देश भर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को युग साहित्य भेंट किया गया।

समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा रचित पावन युग साहित्य का वितरण देश के 24 प्रांतों से आए लगभग 500 मल्लखम्ब खिलाड़ियों, प्रमुख प्रशिक्षकों और टीम मैनेजरों को किया गया। यह साहित्य उन्हें रास्ते के पाथेय रूपी प्रसाद स्वरूप आधे दाम (ब्रह्म भोज) पर उपलब्ध कराया गया।

इस पावन साहित्य का वितरण माननीय पर्यवेक्षक गजानन खानवलकर और लक्ष्मी व्यायामशाला इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविंद ओझा द्वारा सभी आगुन्तकों को किया गया। इस दौरान एसएसडी अध्यक्ष रमेश बरयानी द्वारा खिलाड़ियों के लिए मिष्ठान एवं फल के प्रसाद पैकेट वितरित किए गए। इस महान कार्य में सहयोगी के रूप में अंतर्राष्ट्रीय धावक व कोच मिश्री लाल, बालसंस्कार की संचालिका व नवयुग स्पोर्ट्स एकेडमी की महामंत्री श्रीमती सोनिया नायक, रामनरेश शर्मा और पंकज भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर अभिनन्दन ग्रन्थ समिति के अध्यक्ष मैथिलीशरण मुद्गल ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आई सभी टीमों, कोचों और प्रशिक्षकों का सहृदय आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि जो सदस्य साहित्य प्राप्त करने से वंचित रह गए है, उन्हें समिति द्वारा डाक के माध्यम से शेष साहित्य उपलब्ध कराया जाएगा।



# एसडी डिग्री कॉलेज में साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत गोष्ठी





**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मुजफ्फरनगर। एसडी डिग्री कॉलेज, मुजफ्फरनगर में 30 सितंबर को साइबर क्राइम जागरूकता एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की सदस्य सपना कश्यप तथा पुलिस अधीक्षक अपराध मुजफ्फरनगर इन्दु सिद्धार्थ सहित कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ ने छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी फोन कॉल, व्हाट्सऐप मैसेज, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर ठगी, ऑनलाइन निवेश, डिजिटल अरेस्ट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल, एटीएम/डेबिट कार्ड की जानकारी, पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की अपील की। एसपी क्राइम ने कहा कि किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और ऑनलाइन निवेश अथवा लालचपूर्ण ऑफर पर बिना सत्यापन के भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि समय पर शिकायत मिलने से ठगी की रकम को रोकने की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जा सकती है। छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक मिशन शक्ति अभियान के तहत इन्दु सिद्धार्थ ने छात्राओं को महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना भय और संकोच के पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जनपद के प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां महिलाओं एवं बालिकाओं की शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर सहायता एवं आवश्यक कार्रवाई की जाती है। आपात स्थिति में 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं से साइबर अपराधों के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की गई।

# अवैध अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करने की मांग, हिंदू संघर्ष समिति ने सीएमओ को सौंपी अस्पतालों की सूची

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



मुजफ्फरनगर। हिंदू संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज पुनः जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया से मुलाकात कर जनपद में संचालित बताए जा रहे अवैध एवं मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों के विरुद्ध तेजी से जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्थानीय स्तर से प्राप्त जानकारी के आधार पर कुछ अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराई और मांग की कि सूची में शामिल अस्पतालों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए उनका भौतिक निरीक्षण कराया जाए। यदि जांच में अनियमितताएं अथवा नियमों का उल्लंघन पाए जाएं तो संबंधित अस्पतालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। समिति ने विशेष रूप से ऐसे अस्पतालों की जांच की मांग की है, जहां आईसीयू संचालित होने की जानकारी है, लेकिन वहां आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकीय एवं एनेस्थीसिया सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। समिति ने कहा कि आईसीयू जैसी संवेदनशील चिकित्सा सुविधा में निर्धारित मानकों और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

इसके अलावा समिति द्वारा ऐसे मामलों की भी जानकारी जुटाई जा रही है, जहां किसी चिकित्सक के पंजीकरण का उपयोग किसी अन्य अस्पताल में किए जाने की आशंका है, जबकि संबंधित चिकित्सक स्वयं वहां नियमित रूप से मरीजों को सेवाएं नहीं दे रहे है। समिति ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे मामलों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार 'साधु' ने कहा कि समिति का उद्देश्य किसी अस्पताल या चिकित्सक को बदनाम करना नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है।

उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों के संबंध में शिकायतें या सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, उनकी निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई का समिति स्वागत करती है, लेकिन जनपद में यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन कर चिकित्सा सेवाएं संचालित हो रही हैं तो उनकी पहचान कर समयबद्ध एवं नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समिति आगे भी ऐसे मामलों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराती रहेगी। प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र पवार 'साधु', अरुण प्रताप सिंह, देशराज चौहान, पवन पांचाल, राजेंद्र धीमान, विकास त्यागी, जगमोहन, कार्तिक, अनमोल, संदीप, बोलो रामकुमार वर्मा, चरण सिंह, दरोगा जी, जयपाल सिंह सहित हिंदू संघर्ष समिति से जुड़े अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन बन सकती है बुंदेलखंड की लाइफ लाइन : प्रवीण पांडेय

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



खागा/फतेहपुर। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने अतर्रा-बबेरू-फतेहपुर रेल परियोजना को फिर से आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने फतेहपुर को ऊंचाहार और आगे सागर से जोड़ने वाले रेल संपर्क की व्यवहार्यता का अध्ययन कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल नेटवर्क के विस्तार से बुंदेलखंड के किसानों, युवाओं और व्यापारियों को लाभ मिलेगा तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने हमीरपुर, राठ और कालिंजर जैसे क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग भी उठाई। समिति के संरक्षक तारा पाटकर ने कहा कि पुरानी रेल परियोजनाओं के अभिलेखों और वर्तमान जरूरतों का अध्ययन कर व्यवहारिक परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

# तीतरों पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 25 हजार का इनामी धोखाधड़ी में गिरफ्तार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**




सहारनपुर। थाना तीतरों पुलिस ने फर्जी कागजात तैयार कर धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित 25,000 रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। घटना का विवरण- वादी धर्मवीर पुत्र श्यामलाल निवासी मोहल्ला कानूनगोयान, तीतरों की तहरीर पर 18.02.2026 को थाना तीतरों पर मु.अ.सं. 23/2026 धारा0318(4)/316(2)/338/336(3)/351(2)/61/340(2) ँए पंजीकृत हुआ था। आरोप है कि अभियुक्तों ने रक्षा मंत्रालय, दिल्ली छावनी में बड़ा कारोबार दिलाने का झांसा देकर वादी से कुल 15,69,500 रुपये लेकर फर्जी कागजात तैयार किए व जान से मारने की धमकी दी।

विवेचना में अभियुक्त अमित कुमार उर्फ आदित्य राज पुत्र इंद्राज निवासी बी-132 राजा विहार, बादली सिरसापुर दिल्ली का नाम प्रकाश में आया। उसके एक्सिस बैंक खाते में 06.12.2024 को 8 लाख व 07.12.2024 को 3 लाख रुपये ट्रांसफर होने की पुष्टि हुई। न्यायालय व्ह तृतीय सहारनपुर द्वारा 16.06.2026 को ँ जारी किया गया था व 25,000 का इनाम घोषित था।

पुलिस कार्रवाई- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एसपी ग्रामीण व सीओ गंगोह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष तीतरों सचिन पूनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त अमित पुत्र इंद्राज सिंह हाल निवासी जी-6 प्लॉट नं. 30 सेक्टर 16 रोहिणी दिल्ली, स्थायी पता गांव तुसौरी थाना केराकत जौनपुर को सेक्टर 16 रोहिणी दिल्ली से गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि रक्षा मंत्रालय में टेंडर दिलाने के नाम पर धनराशि ली गई थी।

# चिलकाना पुलिस का अवैध खनन पर शिकंजा, तीन डंपर सीज

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



चिलकाना?। अवैध खनन सामग्री के परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चिलकाना पुलिस ने दुमझेड़ा मार्ग पर चेकिंग के दौरान बिना आवश्यक रॉयल्टी एवं अन्य वैध प्रपत्रों के खनन सामग्री का परिवहन करते पाए गए तीन डंपरों को सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, एसएसपी अभिनन्दन सिंह के निर्देशन, एसपी सिटी एवं सीओ सदर के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी अक्षय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 30 सितंबर को दुमझेड़ा मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान तीन डंपरों की जांच में आवश्यक प्रपत्र नहीं मिले। पुलिस ने तीनों वाहनों को सीज कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसओ अक्षय शर्मा, एसआई विनोद कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार एवं संजीव कुमार शामिल रहे।

# व्यापारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

धाता/फतेहपुर। नगर में व्यापार मंडल धाता की ओर से धीरेन्द्र केशरवानी के आवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू भइया का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सरकार द्वारा बिना भेदभाव विकास किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में खखरेरू चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डू केशरवानी और



संदीप गुप्ता को स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेडिकल एसोसिएशन व्यापारी बीरेंद्र केशरवानी, लालू केशरी, भाजपा नेता शिवम केशरवानी, उत्कर्ष जायसवाल, गब्बर भैया, नितिन मोदनवाल, कुलदीप चौधरी, शिवम, सुजल, मोहित समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**




सहारनपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत तहसील सदर परिसर में 'मेरे सपनों का भारत' सेवा चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड पुंवारका, बलियाखेड़ी एवं नगर क्षेत्र सहारनपुर के उच्च प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुंबर व भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विशनेई ने किया। छात्रों ने विकसित भारत की संकल्पना, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आधारभूत संरचना, डिजिटल पेमेंट आदि में पिछले 10 वर्षों की प्रगति को अपनी कलाकृतियों में दर्शाया। श्रेष्ठ कलाकृतियों को विधायक राजीव गुंबर, महानगर अध्यक्ष शीतल विशनेई, एसडीएम सदर सुबोध कुमार व बीएसए कुमारी कोमल ने पुरस्कृत किया।

प्रथम- कुमारी नैंसी, उच्च प्राथमिक विद्यालय शरबतपुर, बलियाखेड़ी
द्वितीय- आयुष, उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हीपुर, बलियाखेड़ी
तृतीय- कु. आयुषी, उच्च प्राथमिक विद्यालय सोना, पुंवारका

माध्यमिक वर्ग के प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिए गए। विधायक राजीव गुंबर ने छात्रों को लक्ष्य ऊंचे रखने व विश्व गुरु भारत के सपने को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम का आह्वान किया। एसडीएम सुबोध कुमार ने भी छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

# मार्गप्रकाश व्यवस्था के लिए स्काई लिफ्ट का उद्घाटन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। नगर की मार्गप्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए राज्य वित्त आयोग की धनराशि से क्रय की गई स्काई लिफ्ट का बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फूलबानो अंसारी ने नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इसके बाद स्काई लिफ्ट को नगर में मार्गप्रकाश संबंधी कार्यों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष फूल बानो अंसारी ने कहा स्काई लिफ्ट उपलब्ध होने से नगर मे स्ट्रीट लाइटो के रखरखाव, मरम्मत एव मार्ग प्रकाश सम्बंधित कार्यो को अधिक सुगमता से सम्पादित किया जा सकेगा। इस दौरान दानिश अंसारी, विनय कश्यप, सलीम अंसारी,इसम सिंह दुबे,अरशद अंसारी, सिद्धार्थ जैन,अशोक कुमार,प्रताप सिंह, अमित कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान के लिए आयोजित कराए गए

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान के लिए आयोजित कराए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर। इस अवसर पर जिला अस्पताल में सीएमएस डॉक्टर रवि प्रकाश ने पंचायत कर्मियों को संबोधित करते हुए अभिप्रेरित किया की सफाई का कार्य करने के साथ-साथ समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराते रहे। डॉ प्रकाश ने स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर विशेष बल दिया की सजग रहकर जन सामान्य लंबी से लंबी असाध्याय बीमारियों से भी बचे रह सकते है। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जनपद के ग्रामीण अंचल में समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केदो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केदो पर भी सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। सिविर शुभारंभ के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की ओर से जिला स्वच्छता सलाहकार समेत विकासखंड पु वा रका एवं बलिया खेड़ी के पंचायत कुर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित कमिर्यों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।




# वाहन की टक्कर से 11 हजार वोल्ट लाइन का खंभा टूटा, मकान पर गिरा

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



चिलकाना। क्षेत्र के ग्राम दभेड़ा कला में बुधवार तड़के करीब चार बजे एक डंपर वाहन की टक्कर से 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का खंभा टूटकर एक मकान पर जा गिरा। हादसे में गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। खंभा मकान पर गिरने की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। खम्बा लगाने पहुंची बिजली विभाग की टीम को ग्रामीणों ने वापस कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से विद्युत लाइन और सड़क से जुड़ी समस्या का जल्द स्थायी समाधान कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।